19 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 148

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

गिरिडीह की घटना पर विधानसभा में भारी हंगामा



माह-ए-रमजान
इफ्तार 5:59 शाम बुधवार
सेहरी 4:38 सुबह गुरूवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



# वेलकम बैक, सुनीता विलियम्स...

### 10:35 बजे स्पेस स्टेशन से अलग हुआ यान, बुधवार सुबह 3.27 बजे समुद्र में लैंडिंग होगी

### अंतरिक्ष में फंसी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे

एजेंसी

**फ्लोरिडा।** अंतरिक्ष में फंसी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी मंगलवार को स्पेस स्टेशन से रवाना हुए। चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 08:35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच, यानी दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के समुद्र तट पर लैंड होगा। बताते चलें कि बुच विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नये स्टारलाइनर कैप्सूल से 5 जून 2024 को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। दोनों एक सप्ताह के लिए ही गये थे, लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण वे लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स को लिखा पत्र

### कहा, हम जल्द आपको भारत में देखना चाहते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। पत्र में मोदी ने लिखा है कि आपके लौटने के बाद हम आपको भारत में देखने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे शानदार बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी। मोदी ने यह पत्र एक मार्च को लिखा था। इसे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

**मोदी के पत्र में सुनीता के पिता का भी जिक्र:** प्रधानमंत्री ने पत्र में लिखा है कि भले ही आप हजारों मील दूर हों, लेकिन आप हमारे दिलों के करीब हैं। भारत के लोग आपके अच्छे स्वास्थ्य और आपके मिशन में सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

1.4 अरब भारतीयों ने हमेशा आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व किया है। मोदी ने 2016 में अमेरिका यात्रा के दौरान विलियम्स और उनके दिवंगत पिता दीपक पंड्या से हुई मुलाकात को याद किया। उन्होंने लिखा कि हमारी बातचीत में आपका जिक्र हुआ था। मैंने उनसे कहा था कि हमें आप पर और आपके काम पर कितना गर्व है। इस बातचीत के बाद मैं खुद को आपको पत्र लिखने से नहीं रोक सका। मोदी ने लिखा कि आपकी मां बोनी पांड्या आपके लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रही होंगी। मुझे यकीन है कि दीपक भाई का आशीर्वाद भी आपके साथ है।



फाइल फोटो

### सुनीता की सुरक्षित वापसी की लिए यज्ञ हो रहा

अहमदाबाद में सुनीता विलियम्स के चचेरे भाई दिनेश रावल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह देश का गौरव हैं। रावल ने बताया कि उनकी मां, भाई और बहन सहित परिवार के सभी लोग खुश हैं कि वह घर वापस आ रही हैं। हमारा पूरा परिवार खुश है और बेसब्री से उनकी वापसी का इंतजार कर रहा है।

## न्यूज रील्स

### एटीएस के तत्कालीन डीएसपी प्रदीप निलंबित

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची एटीएस के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उनके आचरण तथा कृत्यों से पुलिस की गरिमा तथा छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिस वजह से उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया है।

### देवघर के इंडियन ऑयल डिपो में आग का खतरा

देवघर। देवघर के जसीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित इंडियन ऑयल कॉपपोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) डिपो में आग का खतरा उत्पन्न हो गया है। मंगलवार को बदलाडीह गांव की झाड़ियों में लगी आग तेजी से फैलकर डिपो परिसर के पास पहुंच गयी है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्लांट के पास स्थित संथाली मोहल्ले के घरों को पुलिस ने खाली करा दिया है। यहां करीब दो हजार की आबादी रहती है। इधर, डिपो से कुछ दूरी पर रखे पुराने पाइप में आग लग गयी है। हालांकि, अभी तक पेट्रोलियम पदार्थों तक आग नहीं पहुंची थी। आग पर काबू पाने की कोशिश जारी थी, लेकिन तेज हवा के कारण नियंत्रित करने में परेशानी हो रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग पर काबू पाने के लिए आइओसीएल के सभी अग्निरोधी सिस्टम को सक्रिय कर दिया गया है।

### विधानसभा में उठा सिरमटोली सरना स्थल और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता का मामला

# चिंता नहीं करें, सरहुल बढ़िया से मनेगा: हेमंत

- सीएम ने पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता पर विपक्ष का साथ मांगा
- प्रतिपक्ष के नेता ने भी कहा कि गंभीरता से प्रयास करें, साथ देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को बजट सत्र की पहली पाली की कार्यवाही के दौरान सिरमटोली सरना स्थल आंदोलन और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता का मामला उठा। ध्यानाकर्षण के समय उठे दोनों ही मामलों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से अपनी बात रखी गयी। सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद जवाब दिया। सिरमटोली आंदोलन पर हेमंत ने कहा कि चिंता नहीं करें, सरहुल बढ़िया से मनेगा। वहीं, पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता मामले पर विपक्ष को मदद करने का सुझाव दिया। इस पर प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा आप गंभीरता से प्रयास करें, हम साथ देंगे।

**क्या है मामला:** सदन में ध्यानाकर्षण सूचना के तहत भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सिरमटोली सरना स्थल को लेकर हो रहे आंदोलन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि फ्लाइओवर के रैंप की वजह से सरहुल शोभायात्रा पर पड़ने वाले असर को देखते हुए आंदोलन हो रहा है। चूकि सदन में सीएम खुद मौजूद हैं, लिहाजा, उन्हें इस मामले का पटाक्षेप करना चाहिए, ताकि लोग खुशी-खुशी सरहुल का त्योहार मना सकें। बताते चलें कि रांची में सरना स्थल के पास सिरमटोली-मेकॉन फ्लाइओवर के रैंप की वजह से पूजा स्थल की गतिविधि प्रभावित होने की आशंका जताते हुए आंदोलन हो रहा है। सोमवार को केंद्रीय सरना स्थल सिरोमटोली बचाव मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन भी किया गया था और नेताओं का पुतला जलाया गया था।

### क्या कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने



विधायक सीपी सिंह के सिरमटोली वाले मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अलग-अलग सामाजिक संगठनों के माध्यम से मुझे पूरे विषय की जानकारी मिली है। सभी संगठनों को आश्वस्त किया गया है कि उनको चिंता करने की जरुरत नहीं है। सरहुल मनेगा और बढ़िया से मनेगा। वहीं, पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा एक सुझाव है। राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार है, जबकि केंद्र में एनडीए की सरकार है। इनके ऊपर भी जवाबदेही है। हमारी आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाना है। इसके लिए राज्य सरकार का प्रयास जारी है। पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता पर भारत सरकार से किये गये पत्राचार की विस्तार से जानकारी मंत्री और विभाग द्वारा विपक्ष को दे दिया जायेगा, ताकि वे भी अपने सांसद और केंद्र की सरकार से बात करके मंजूरी दिलाने की पहल करें।

### क्या कहा प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल ने



मुख्यमंत्री के सुझाव पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम को अच्छी तरह से मालूम है कि एआइसीटीइ एक स्वतंत्र एजेंसी है। यह मामला 2022 से लटका है। इससे लगता है कि राज्य सरकार के स्तर पर ढंग से प्रयास किया ही नहीं गया है। मंत्री कह रहे हैं कि प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है। इसलिए सीएम को गंभीरता से प्रयास करना चाहिए। केंद्र में भाजपा की सरकार कहकर मामले को टालना सही नहीं है। फिर भी कहीं दिक्कत होगी, तो जरूर मदद की जायेगी।

**पॉलिटेक्निक कॉलेज की मान्यता पर मंत्री ने दिया जवाब:** इधर, सिसई से झामुमो विधायक जिगा सुसारन होरो ने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत अपने विधानसभा क्षेत्र में निर्मित पॉलिटेक्निक भवन का जिक्र करते हुए सरकार से पूछा कि यहां पढ़ाई कब शुरू होगी। उन्होंने कहा कि साल 2022 में जो जवाब आया था, वही जवाब आज भी मिला है। उन्होंने जानना चाहा कि क्या अप्रैल माह से 2025-26 के सत्र की पढ़ाई शुरू हो जायेगी। कब तक एआइसीटीइ यानी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता मिलेगी। इस पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के संचालन के लिए एआइसीटीइ से मान्यता जरूरी है। राज्य सरकार ने प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति कर दी है। एआइसीटीइ से मंजूरी मिलते ही पढ़ाई शुरू हो जायेगी। वर्तमान सत्र में मंजूरी मिलेगी, तो अगले सत्र से पढ़ाई शुरू हो जायेगी। पूरा मामला भारत सरकार से जुड़ा हुआ है।

### लैंड फॉर जॉब मामला

# राबड़ी और तेजप्रताप से चार घंटे पूछताछ



### तेजस्वी के दिल्ली वाले बंगले के बारे में पूछे गये सवाल

### लालू प्रसाद से आज होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** लैंड फॉर जॉब केस में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप से मंगलवार को पटना के प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के कार्यालय में पूछताछ हुई। राबड़ी देवी करीब चार घंटे बाद बाहर निकली। वहीं, तेजप्रताप से करीब साढ़े चार घंटे तक पूछताछ चली। मंगलवार सुबह करीब 10.50 बजे राबड़ी देवी अपनी बड़ी बेटी मीसा भारती के साथ पटना के इडी दफ्तर पहुंची थीं। दोपहर करीब 12 बजे तेजप्रताप यादव भी इडी ऑफिस पहुंचे। राबड़ी और तेजप्रताप दोनों से अलग-अलग कमरों में बैठाकर पूछताछ की गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

सूत्रों के मुताबिक राबड़ी देवी से तेजस्वी यादव ने दिल्ली में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी वाला बंगला कैसे लिया इस बारे में पूछा गया। इसके अलावा सगुना मोड़ वाले अपार्टमेंट की जमीन कैसे खरीदी गयी? पैसे कहां से आये? निर्माण कब शुरू हुआ? आपके नाम से जो जमीन है, वो कैसे अर्जित की गयी है? जिन लोगों से नौकरी के बदले जमीन ली गयी, उनको आप कैसे जानती हैं? आप उन लोगों से पहली बार कब मिलीं? उन लोगों को नौकरी देने के लिए आपने क्यों पैरवी की? जैसे कई अन्य सवाल राबड़ी देवी से पूछे गये। बताते चलें कि तेजप्रताप को पहली बार जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उनसे भी दिल्ली में बंगला खरीदने समेत अन्य कई तरह के सवाल पूछे गये।

# पीएम मोदी से मिले झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार



### पीएम से राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास व विधि-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राजभवन द्वारा प्रकाशित 'राजभवन' पत्रिका की प्रति भेंट की। उल्लेखनीय है कि यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक झारखंड राजभवन की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

# तमाड़: पुलिस ने मचाया तांडव, नाराज ग्रामीणों ने खदेड़ा

- पुलिस ने घरों में जबरन घुस कर लोगों को पीटा
- ग्रामीणों ने पुलिस पर बरसाये पत्थर
- पुलिस ने बचाव में हवाई फायरिंग भी की
- अब मामले को दबाने का चल रहा प्रयास


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तमाड़ थाना क्षेत्र की मानकीडीह पंचायत में सोमवार देर रात पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हुई। देखते ही देखते पूरा इलका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। पुलिस को फायरिंग तक करनी पड़ी। किसी तरह से पुलिस टीम जान बचाकर गांव से निकल पायी। हालांकि मंगलावर को मामला शांत करने का प्रयास किया गया। पुलिस और ग्रामीणों के बीच बैठक हुई और आपसी समझौता कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

**समाधान निकालने का हुआ प्रयास:** मंगलवार को पुलिस फिर से गांव में पहुंची। यहां ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। उनके साथ आपसी समझौता हुआ। पुलिस ने अपनी कार्रवाई पर माफी मांगी, तो ग्रामीणों ने भी माफी मांगी। आपसी सहमति से मामले को निपटाते हुए दबाने का प्रयास किया जा रहा है।







### ग्रामीणों ने मार्ग अवरुद्ध कर पत्थर बरसाये

सरहुल अखाड़ा में मौजूद ग्रामीण पुलिस के रवैये से नाराज हो गये। उन्होंने गांव की सड़कों को अवरुद्ध कर दिया और पुलिस को चारों तरफ से घेर लिया। क्रोधित ग्रामीणों ने पुलिस पर ईंट और पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। इस झड़प में तमाड़ थाना प्रभारी रोशन कुमार को चोट भी लगी है। पुलिस ने बचाव के लिए हवाई फायरिंग की और किसी तरह से वहां से निकली।

### आधी रात में तीन गाड़ियों से पहुंची थी पुलिस

मानकीडीह पंचायत के कुदाडीह गांव में सोमवार को सरहुल का पर्व था। लोग नाचने-गाने में मस्त थे। इसी बीच रात के 12 से एक बजे के बीच तीन बोलेरो गाड़ी गांव में घुसी। ग्रामीणों का कहना है कि गाड़ी के नंबर प्लेट को टेप लगा कर छिपा दिया गया था। इसमें पुलिस के जवान सवार थे। इनका नेतृत्व तमाड़ थाना प्रभारी रोशन कुमार कर रहे थे। पुलिस वहां कथित रूप से अफीम और पैसे की तलाशी लेने के लिए पहुंची थी। पुलिस वालों ने बगैर कुछ कहे-सुने गांव के घरों में तलाशी शुरू कर दी। ग्रामीणों ने विरोध किया, तो मारपीट करने लगे। घरों में रखे बक्से का ताला तोड़ा गया। तलाशी के नाम पर उन्होंने लगभग आधे घंटे तक तांडव मचाया। इस दौरान महेंद्र सिंह मुंडा की पत्नी पुरनी देवी को बंदूक की बट से सिर पर मार कर घायल कर दिया। उस वक्त गांव के ज्यादातर लोग पास में मौजूद सरहुल आखड़ा में थे। उन तक पुलिस की छापामारी की खबर पहुंची। साथ ही मारपीट करने की बात बतायी गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# राम मंदिर में रामदरबार का सिंहासन बनकर तैयार

## मकराना के सफेद पत्थर से बना गर्भगृह, 14 मंदिरों में स्थापना 30 अप्रैल को



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** अयोध्या में रामनवमी से पहले ट्रस्ट ने भव्य राम मंदिर की 8 नयी तस्वीरें जारी की हैं। इसमें फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की स्थापना के लिए सफेद संगमरमर का सिंहासन बनकर तैयार हो गया है। ग्राउंड फ्लोर की ही तरह फर्स्ट फ्लोर पर सिंहासन बनाया गया है। गर्भगृह में भव्य नक्काशी की गयी है। सामने मंडपम बनाया गया है। इसके खंभों में भी नक्काशी की गयी है, जो कि जयपुर के पिंक सैंड स्टोन से बनाया गया है। राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर के अलावा 14 और मंदिर बन रहे हैं।

इनमें मूर्तियों की स्थापना के लिए अभी शुभ तिथि 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) और प्राण प्रतिष्ठा 5 जून (गंगा दशहरा) को तय हुई है। हालांकि ट्रस्ट की मुहर लगना अभी बाकी है।

### 30 अप्रैल से पहले मूर्तियां जयपुर से आ जायेंगी

राम दरबार की सभी मूर्तियां राजस्थान के जयपुर में तैयार हो रही हैं। 30 अप्रैल से पहले सभी मूर्तियां यहां पहुंच जायेंगी। राम मंदिर के फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की स्थापना की जानी है, जबकि परकोटे में 6 मंदिर बन रहे हैं। इनमें भगवान सूर्य, गणेश, हनुमान, शिव, माता भगवती और माता अन्नपूर्णा की मूर्ति स्थापित होंगी। इसके अलावा, सप्त मंडपम में 7 मंदिर बन रहे हैं। इनमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषादराज, अहिल्या और शबरी की मूर्ति स्थापित होंगी।

### मूर्तियों की स्थापना को लेकर ज्योतिषाचार्यों और ट्रस्ट की हुई बैठक

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार देर शाम को ज्योतिषाचार्यों के साथ मूर्तियों की स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त और तिथि पर कारसेवक पुरम में बैठक की। ज्योतिषाचार्यों के साथ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और निर्माण प्रभारी गोपाल राव भी रहे। अभी तय हुआ कि मूर्तियों की स्थापना के लिए अक्षय तृतीया (30 अप्रैल) और प्राण प्रतिष्ठा के लिए गंगा दशहरा (5 जून) की तिथि सबसे अच्छी है। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त को लेकर ट्रस्ट अंतिम मुहर लगायेगा।

# महाकुंभ में अनेक अमृत निकले, एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद : मोदी

- प्रधानमंत्री ने लोकसभा में महाकुंभ पर चर्चा की
- राहुल बोले, भगदड़ में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में महाकुंभ पर बात की। बजट सत्र के दूसरे फेज के पांचवें दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को लेकर संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है। पीएम ने कहा कि महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। महाकुंभ में राष्ट्रीय चेतना के दर्शन हुए और महाकुंभ के उत्साह-उमंग को महसूस किया। देश की सामूहिक चेतना का नतीजा महाकुंभ के दौरान देखने को मिला। युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी।

पीएम मोदी ने मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के गंगा तालाब में त्रिवेणी का पवित्र जल डाला। अनेकता में एकता हमारी बहुत बड़ी ताकत है। इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहें, ये हमारा दायित्व है।

इधर, राहुल गांधी ने मोदी के महाकुंभ पर दिये गये वक्तव्य पर कहा- मैं प्रधानमंत्री की बात का समर्थन करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा कुंभ में गये उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए और प्रधानमंत्री को उस पर भी बोलना चाहिए था।

# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू

- 50 अरेस्ट, 33 पुलिसकर्मी घायल, इनमें 3 डीसीपी
- संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बेरिकेडिंग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नागपुर।** नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 3 डीसीपी हैं। 5 आम लोग भी घायल हैं, इनमें से एक आइसीयू में भर्ती है। दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें जला दीं। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को अरेस्ट किया गया है।

वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गयी है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है।

नागपुर में हिंसा के बाद संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग कर दी गयी है। औरंगजेब की कब्र देखने आने वाले पर्यटकों के नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की जांच की जा रही है। नागपुर में हिंसा के बाद संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग कर दी गयी है। औरंगजेब की कब्र देखने आने वाले पर्यटकों के नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की जांच की जा रही है। जिस जगह बवाल हुआ, वहां वाहनों की पार्किंग थी। बाइक-कार मिलाकर 50 से ज्यादा वाहनों में आग लगायी गयी।

**औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से बवाल हुआ :** सोमवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। विहिप के मुताबिक, ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम 7:30 बजे नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गयी। पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गयी। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी की।

पुलिस पर भी हमला किया गया। डीसीपी निकेतन कदम कुल्हाड़ी के हमले से घायल हो गये। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। रात 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई।

मंगलवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में बताया कि नागपुर हिंसा को लेकर 5 एफआइआर दर्ज की गयी हैं। वहीं, 31 पुलिसकर्मी और 7 नागरिक घायल हुए हैं। फडणवीस ने कुल्हाड़ी के हमले से घायल डीसीपी निकेतन कदम से वीडियो कॉल पर बात भी की।

### मुंबई के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी सुरक्षा बढ़ी

हिंसा के बाद शहर के गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर में कर्फ्यू लगाया गया है। इसके अलावा मुंबई में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

# झारखंड विधानसभा: एसटी-एससी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक विभाग की अनुदान मांग पारित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की 30 अरब सात करोड़ 54 लाख और 33 हजार रुपये की अनुदान मांग पारित हो गया। अनुदान मांग के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सरकार का जवाब एसटी-एससी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने दिया। उन्होंने कहा है कि अब विधायकों की अनुशंसा पर आदिवासी गांवों को ढोल और नगाड़ा दिया जायेगा। विधायकों की अनुशंसा पर ही सरना स्थल एवं धुमकुड़िया की चहारदीवारी के निर्माण का ठेका दिया जायेगा। उन्होंने विभाग की अनुदान मांग पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि बिचौलियों को समाप्त करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सरना स्थल की चहारदीवारी निर्माण मद में 200 करोड़ और धुमकुड़िया के लिए 100 करोड़ की राशि उपलब्ध है। उन्होंने सदन को बताया कि 100-100 युवक-युवतियों को इंजीनियरिंग की कोचिंग दिलायी जायेगी। इसके अलावा यूपीएससी की कोचिंग के लिए भी दिल्ली भेजा जायेगा। चमरा लिंडा ने बार-बार दोहराया कि उनका विभाग बेहतर शिक्षा पर विशेष जोर दे रहा है। कल्याण विभाग के छात्रावासों में छात्रों को मुफ्त में बेहतर भोजन की व्यवस्था की जा रही है। छात्रों को घर से अब चावल नहीं लाना पड़ेगा। कुक और अन्य कर्मियों की भी बहाली की जायेगी। उन्होंने पूर्व की भाजपा सरकार पर ट्राइबल सब प्लान के पैसे से हाथी उड़ाने, आदिवासियों की जमीन को लैंड बैंक में ट्रांसफर करने का आरोप लगाया।

### आदिवासियों को जमीन बेचने का मिले अधिकार : प्रकाश



भाजपा विधायक प्रकाश राम ने कटौती का प्रस्ताव रखा। वहीं कटौती प्रस्ताव की मांग रखते हुए विधायक प्रकाश राम ने राज्य से आदिवासी समुदाय के पलायन और उनकी जमीन का हस्तांतरण सादे कागज पर होने का मामला उठाया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि आदिवासियों की 85 प्रतिशत जमीन सादे कागज पर हो रहा है। इससे वे दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई से वनोपज पर आश्रित लोगों की आय कम हुई है। राज्य के वनोपज पर बड़ी-बड़ी कंपनियों की नजर है। उन्होंने कहा कि सरकार सीएनटी एक्ट को शिथिल कर आदिवासियों को 25 डिसमिल जमीन बेचने का अधिकार दे। ताकि, वे इस पैसे का उपयोग बच्चों की पढ़ाई और उनके विवाह में इस्तेमाल कर सकें। प्रकाश राम ने कहा कि लातेहार जिला में दो डिग्री कॉलेज बनकर तैयार है, लेकिन यहां पढ़ाई शुरू नहीं की गयी है। इससे आदिवासी बहुल जिला लातेहार के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। सरकार से उन्होंने इन दोनों कॉलेजों में पढ़ाई शुरू कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने नेतरहाट में पर्यटन से संबंधित दर्जे को खत्म करने की मांग की। विधायक ने कहा कि नेतरहाट में पर्यटकों की आवागमन से वहां के प्रख्यात स्कूल में पठन-पाठन बाधित हो रहा है।

# कल्याण की जगह 'अधिकार विभाग' हो नाम : कल्पना सोरेन

- झारखंड विधानसभा में मंईयां सम्मान योजना का किया गुणगान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अनुदान मांग के समर्थन में बोलते हुए झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य सरकार के कामकाज की जमकर तारीफ की। साथ ही व्यक्तिगत सुझाव के तहत राज्य सरकार से आग्रह किया कि कल्याण शब्द शासक और दास का बोध कराता है, जबकि लोकतंत्र में ना कोई शासक होता है और ना ही कोई दास होता है। इसलिए इस विभाग का नाम 'अधिकार विभाग' होना चाहिए। वहीं पहली बार जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव जीतकर सदन पहुंची पूर्व सीएम रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू ने सरकार की जमकर आलोचना की।

**94 प्रतिशत महिलाएं खुद निर्णय नहीं ले पातीं : कल्पना :** कल्पना सोरेन ने महिलाओं के हक और अधिकार की बात शिद्दत से की। वे कई बार भावुक हो गयीं। उन्होंने कहा कि कल्पना चावला, सुनिता विलियम्स ने अंतरिक्ष में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी हैं। संतोष यादव ने हिमालय को अपनी कदमों से कई बार नापा है। ये तस्वीरें गौरवान्वित करती हैं। लेकिन दूसरी तस्वीर शर्मसार करती है। भारत में 94 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं खुद निर्णय नहीं ले पातीं हैं। भ्रूण हत्या और प्रसव के दौरान महिलाओं की मौत के प्रतिशत में कमी पर खुशी जाहिर की जा रही है। विभागों में महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की बात हो रही है। सदन में भी आरक्षण देने की बात होती है। लेकिन कब तक इन सजावटी निर्णयों को ताली बजाकर स्वीकार करेंगे। कल्पना सोरेन ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा और रोजगार चाहिए। बाकी का रास्ता खुद तय कर लेंगी। आखिर कब तक एक मंईयां अपने बच्चे को पोषण देने के लिए पैसे मांगने को विवश होती रहेंगी।

### मंईयां के लिए राशि इकट्ठा करना मुश्किल काम था

कल्पना सोरेन ने कहा कि 24 वर्ष में पहली बार 18 साल से 50 साल तक की महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। शुरूआत में 1,000 रुपये प्रति माह दिय जा रहे थे। उसे बढ़ाकर अब 2,500 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। पूछा जाता है कि मंईयां सम्मान का पैसा कहां से आयेगा। कहीं दूसरे विभागों की राशि तो नहीं काटी जायेगी। लेकिन ऐसा कतई नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में इस योजना को रोकने के लिए पीआइएल गैंग भी एक्टिव हो गये थे। लेकिन चुनाव में महिलाओं ने हमारा साथ दिया। कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान की राशि राज्य की अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से मजबूती प्रदान कर रही है। कल्पना सोरेन ने कहा कि इतनी बड़ी राशि इक्ट्ठा करना बेहद मुश्किल काम था। लेकिन सीएम और वित्त मंत्री ने इस काम को पूरा किया। अब सबके खाते में पैसे जा रहे हैं।

### वृद्ध, विधवा को 1500 रुपये की पेंशन दे केंद्र

झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर भी गंभीर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वृद्धा पेंशन मद में 200 रुपये देती है। विधवा पेंशन मद में 300 रुपये देती है। दिव्यांग को 300 रुपये देती है। लेकिन राज्य सरकार सभी को 1000 रुपये देती है। उन्होंने भारत सरकार से इन जरुरत मंदों को 1,500 रुपये प्रति माह देने का आग्रह किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि सोना अबुआ झारखंड के सपने को साकार करना है। इस काम में विपक्ष का भी सहयोग चाहिए।

# मंत्री चमरा लिंडा और हफीजुल हसन ने सीएम को मांदर भेंट किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजटीय उपबंध एवं कार्ययोजना पर विधानसभा में मंगलवार को चर्चा से पूर्व मंत्री चमरा लिंडा एवं मंत्री हफीजुल हसन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर भेंट किया। मंत्री चमरा लिंडा ने सदन में कहा कि मांदर में मेलोडियस सांग आता है। सभी विधायक ये बतायें कि कितने मांदर की जरूरत है, उन्हें मांदर प्रदान किया जायेगा।

# अबुआ बजट में सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है: मो. ताजुद्दीन



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि झारखंड राज्य के सामाजिक संरचना में एससी-एसटी एवं अल्पसंख्यक और पिछड़ों का एक बड़ा वर्ग सम्मलित हैं। सरकार ने अबुआ बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। समाज में स्वावलंबन और स्वरोजगार के साथ सामाजिक सरोकार को केंद्र में रखकर बजट प्रस्तुत किया गया है। मंईयां सम्मान योजना के साथ-साथ बालिकाओं एवं किशोरियों को शिक्षा के तरफ प्रेरित करने के लिए कदम उठाये गये हैं। कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाने के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। राज्य की आधी आबादी इन योजनाओं से लाभांन्वित होकर सशक्त और मजबूत बनेंगी। राजा मंगलवार को विधानसभा सदन में अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक पिछड़ा कल्याण और महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की अनुदान मांग पर बोल रहे थे। उन्होंने 2025-26 के बजट में राजमहल-साहिबगंज क्षेत्र में विकास की योजनाओं को लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

# संथाल में बढ़ रही हैं लव और लैंड जिहाद जैसी समस्याएं: पूर्णिमा साहू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कटौती प्रस्ताव के पक्ष में भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि आदिवासी समुदाय पर जुल्म बढ़ रहे हैं और संथाल में लव और लैंड जिहाद जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। आदिवासी महिलाओं की संपत्ति की सुरक्षा के लिए कानूनी प्रावधान किये जाने चाहिए और उनके अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए। पूर्णिमा साहू ने पूर्ववर्ती रघुवर सरकार की उपलब्धियों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि संथाली ओलचिकी लिपी को मान्यता मिली, प्राथमिकी कक्षाओं में पढ़ाई शुरू हुई और लुगुबुरु मेला को राजकीय मेला का दर्जा मिला।

पूर्णिमा साहू ने कहा कि शादी के बाद आदिवासी बच्चियों की संपत्ति पति के नाम पर ट्रांसफर ना हो। आवासीय प्रमाण पत्र में पिता की जगह पति का नाम अनिवार्य किया जाये। संथाल में ओबीसी आरक्षण शून्य है। लेकिन इस दिशा में कुछ नहीं हो रहा है। पूर्णिमा दास ने रघुवर सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आदिम जनजाति परिवार को डाकिया योजना के तहत घर पर अनाज पहुंचाया जाता था। पहाड़िया समुदाय की बटालियन बनी थी। एसटी और एससी आयोग का गठन हुआ था। इस आयोग को वर्तमान सरकार ने क्रियाशील नहीं किया। 521 आदिवासी सांस्कृतिक केंद्र बनवाया। पहली बार पारंपरिक व्यवस्था के प्रधानों को सम्मान राशि दी गयी जो बंद है। टाना भगत विकास प्राधिकरण का गठन हुआ था।

भाजपा विधायक पूर्णिमा दास ने कहा कि हर महिला को मंईयां सम्मान योजना का वादा किया था। सिर्फ चुनावी एजेंडा निकला। अब लाभार्थियों की संख्या घटा दी गयी है। 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी भूल गयी है गठबंधन सरकार।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.6 °C | 20.8 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.59 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.55 बजे |



# गिरिडीह की घटना पर विधानसभा में भारी हंगामा

## ■ वेल में आये विपक्षी विधायक ■ नारेबाजी से कार्यवाही बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होली के दिन गिरिडीह में हुई हिंसा की गूंज मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और बाहर सुनाई दी। होली की छुट्टी के बाद सदन की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक इस मुद्दे पर उलझते रहे।

विधानसभा परिसर में सत्ता पक्ष के नेताओं ने गिरिडीह घटना में भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया। इस पर विपक्ष के नेता पलटवार करते दिखे। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक वेल में आ गये और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सरकार और प्रशासन पर इस मामले को द्विपक्षीय बनाकर कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कानून व्यवस्था पर विशेष चर्चा कराने की मांग की। हंगामा बढ़ता देख अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने दिन के 11.21 बजे सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।





### गिरिडीह के घोड़थंबा की घटना सुनियोजित: बाबूलाल मरांडी

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घोड़थंबा में हुई घटना सुनियोजित तरीके से घटित हुई है। पुलिस-प्रशासन ने होली के दौरान रंग-अबीर खेलने से पहले हिंदुओं को रोका। इसके बाद इन पर पत्थरों, पेट्रोल बम से हमला किया गया। इस दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इसके बाद पुलिस मामले को द्विपक्षीय बनाने के लिए दोनों समुदाय के 11-11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रशासन इस मामले को जबरन द्विपक्षीय बना रहा है। रात में घरों में घुस कर गिरफ्तारी की जा रही है। इससे कानून व्यवस्था बिगड़ रही है। आने वाले दिनों में सरहुल, ईद और रामनवमी जैसे त्योहार हैं। ऐसे में विधानसभा में कानून व्यवस्था पर विशेष चर्चा की जाये।

### सीएम को वहां जाना चाहिए था: पूर्णिमा दास

भाजपा विधायक पूर्णिमा दास ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री वहां जाते और दोषी लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश देते, तो क्या इतनी बड़ी घटना होती। उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर हिंदू-मुस्लिम और जात-पात करने का आरोप लगाते हुए सरकार की जमकर आलोचना की।

### सरकार कार्रवाई क्यों नहीं कर रही: सत्येंद्रनाथ

भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर लग रहे आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि सरकार कार्रवाई क्यों नहीं करती है। सरकार को चाहिए कि इस मामले में जो भी दोषी हैं, उन पर तुरंत कार्रवाई करे।

### घटना पर राजनीति अच्छी बात नहीं: राधाकृष्ण किशोर

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से कानून व्यवस्था पर विशेष चर्चा की मांग को ठुकराते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि चलते सत्र में गृह विभाग की अनुदान मांग आयेगी, तब इस पर चर्चा संभव है। इस प्रकार की घटना को लेकर राजनीति करना अच्छी बात नहीं है।

### सरकार गंभीर है, दोषियों पर कार्रवाई होगी: दीपिका

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गिरिडीह की घटना की निंदा करते हुए कहा कि जब कभी भी इस तरह की घटना होती है, तो भाजपा के नेता मुखर हो जाते हैं और हिंदू-मुस्लिम करना शुरू कर देते हैं। सरकार इस मामले में पूरी तरह से गंभीर है और जो भी दोषी लोग होंगे, उन पर कार्रवाई होगी।

### भाजपा के लोग माहौल खराब करते हैं: प्रदीप यादव

कांग्रेस के प्रदीप यादव ने कहा कि एकरा मस्जिद के मुसलमानों और महावीर मंडल के हिंदुओं की तारीफ होनी चाहिए। इन लोगों ने एक साथ होली खेल कर एकता का संदेश दिया है। हंगामा कर रहे भाजपा के विधायकों पर इशारा करते हुए कहा कि ये लोग हिंदू और मुसलमान की राजनीति कर माहौल खराब करते हैं।

### समाज को तोड़ना चाहते हैं भाजपा के लोग: हफीजुल

मंत्री हफीजुल अंसारी कहते हैं कि इन लोगों का कोई काम नहीं है, सिर्फ और सिर्फ आग लगाना है। इस तरह से जहर उगलने वाले लोगों से विधानसभा में भी हाथ नहीं मिलाना चाहिए और सलाम नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग समाज को तोड़ने वाले लोग हैं, जो हमेशा ऐसे शब्दों का ही इस्तेमाल करते हैं, जिससे समाज में उन्माद फैले।

### गिरिडीह के विधायक कर रहे राजनीति: शिल्पी नेहा

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि गिरिडीह मामले में एफआइआर दर्ज हो गयी है और इसकी जांच की जा रही है। जो भी दोषी होंगे, उन पर कार्रवाई की जायेगी, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि जो स्थानीय विधायक हैं वह तीन दिन के बाद वहां पहुंचकर राजनीति कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### नेता प्रतिपक्ष ने किया घटना का एकपक्षीय चित्रण: सुदिव्य कुमार

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने घटना का एकपक्षीय चित्रण किया है। प्रशासन ने संयम का परिचय देते हुए माहौल बिगड़ने से रोका।

### गिरिडीह की घटना में भाजपा के लोगों का हाथ: मंत्री इरफान अंसारी

सदन के बाहर मंत्री इरफान अंसारी भाजपा नेताओं पर जमकर बरसे। उन्होंने गिरिडीह की घटना में भाजपा के लोगों का हाथ होने का आरोप लगाते हुए पूर्व सीएम रघुवर दास के दौरे पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि रघुवर दास वहां जाकर लोगों को उकसा रहे हैं, जो कहीं से भी उचित नहीं है। मंत्री ने भाजपा नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि झारखंड का माहौल खराब करने की कोशिश न करें। यहां हेमंत सोरेन की सरकार है। किसी भी सूरत में माहौल नहीं बिगाड़ने दिया जायेगा। उन्होंने इस मामले में पुलिस द्वारा दाखिल मुकदमे पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के द्वारा जिस तरह से कहा गया, उसी तरह से मामले को दर्ज किया गया है, जो उचित नहीं है। मैं इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करूंगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी लोग दोषी हैं, उन पर कार्रवाई होगी। भाइचारगी किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दी जायेगी।

## विधानसभा में गूंजा परिसीमन का मुद्दा : विपक्ष ने पूछा, आदिवासियों की जनसंख्या क्यों घट रही

# सत्ता पक्ष ने एसटी सीट नहीं घटाये जाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोमेसाइल, आरक्षण, सीएनटी-एसपीटी और सरना धर्म कोड के बाद झारखंड के अनसुलझे मुद्दों में परिसीमन भी शामिल होने जा रहा है। झारखंड विधानसभा में मंगलवार को परिसीमन के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष आपस में उलझ पड़े। सत्ता पक्ष जहां परिसीमन के बाद राज्य में आदिवासियों के लिए सुरक्षित लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या नहीं घटने पर जोर दे रहा था, वहीं विपक्ष आदिवासियों की जनसंख्या क्यों कम हो रही, इसका पता लगाने के लिए एनआरसी लागू करने की दिशा में सरकार को आगे बढ़ने की सलाह दे रहा था। लगभग एक घंटे तक परिसीमन का मुद्दा सदन में छाया रहा।

**चमरा लिंडा ने उठाया मुद्दा :** एसटी एससी ओबीसी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा द्वारा सदन में परिसीमन का मुद्दा उठाये जाने के बाद इस पर पक्ष और विपक्ष के सदस्य उलझ पड़े। चमरा लिंडा का कहना था कि आदिवासियों को खाने-पीने की चिंता नहीं है। वे तो पहाड़ों पर और जंगलों में रहते हैं। कंद-मूल खाना जानते हैं, लेकिन उनके सामने सबसे बड़ा अस्तित्व का संकट है। 2008 में हुए परिसीमन में एसटी के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या में छह की कमी की जा रही थी। हालांकि उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी और सोनिया गांधी के हस्तक्षेप से झारखंड में परिसीमन को स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में एक बार फिर परिसीमन लागू करने की कोशिश हो रही है। इसमें किसी भी कीमत पर आदिवासियों के लिए सुरक्षित लोकसभा और विधानसभा की सीटों की संख्या में कमी नहीं आनी चाहिए। परिसीमन करते समय जनसंख्या को आधार नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि परिसीमन आयोग की नियमावली में कहीं भी जनसंख्या को आधार बनाने की बात नहीं कही गयी है।





### एनआरसी करा लें, पता चल जायेगा कि कौन कहां से आया है: बाबूलाल

इसके बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी आबादी कम हो रही है। मुसलमानों की आबादी बढ़ी है। उन्होंने सत्ता पक्ष से कहा कि आप सपोर्ट करें, झारखंड में एनआरसी करा लें, तब पता चल जायेगा कि कौन कहां से आया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की आबादी घटेगी, तो इसका प्रभाव लोकसभा और विधानसभा की सीटों के साथ सरकारी सेवाओं पर भी पड़ेगा। संथाल में सबसे ज्यादा आदिवासियों की आबादी घटी है। वहां 20 से 25 ऐसे मुखिया हैं,



जिन्होंने अदिवासी लड़कियों से शादी की है। अगर आपकी आबादी ही नहीं रहेगी, तो एमएलए नहीं बन पाइयेगा। सीट नहीं घटे, इसके लिए हम भी आपके साथ हैं। आरक्षण पर उन्होंने कहा कि बिहार से दस्तावेज मंगा कर देख लीजिये, समझ में आ जायेगा। उन्होंने कहा कि एसटी की सीटें नहीं घटे, इसके लिए वह भी चिंतित हैं। लेकिन जनसंख्या में हो रही कमी का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में 17-18 फीसदी तक मुसलमानों की जनसंख्या में वृद्धि हुई है। वर्ष 2000 में ओबीसी का आरक्षण 27 से 14 फीसदी किये जाने के बारे में उन्होंने बताया कि अलग राज्य बनने के बाद बिहार में एसटी को दो फीसदी आरक्षण दिया गया। झारखंड में एसटी को 26 फीसदी और जनसंख्या के हिसाब से एससी को 10 फीसदी। 50 फीसदी के दायरे में शेष 14 फीसदी आरक्षण ओबीसी को दिया गया। दस्तावेज को देख कर इसकी तथ्यात्मक जानकारी ली जा सकती है। उन्होंने तो राज्य में 73 फीसदी आरक्षण दिये जाने का फैसला किया था। उसमें एसटी के अलावा ओबीसी का आरक्षण बढ़ाकर 26 फीसदी किया गया था, लेकिन कोर्ट ने उस पर रोक लगा दी।

### जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होगा तो एसटी सीटें घटेंगी : रामेश्वर उरांव

कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव ने परिसीमन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए बताया कि अगर जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होगा, तो एसटी सीटें घटेंगी। इसलिए यह भी प्रयास होना चाहिए कि सीटों की संख्या बढ़े और उसमें एसटी की सीटें भी बढ़ायी जायें।



### परिसीमन लागू नहीं होने देंगे: डॉ इरफान

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि वह परिसीमन को लागू नहीं होने देंगे। आदिवासियों के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या में कमी नहीं आने देंगे। साजिश के तहत भाजपा के लोग झारखंड को तोड़ना चाहते हैं।





### भाजपा बताये कि परिसीमन चाहती है या नहीं : हेमलाल मुर्मू



झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि परिसीमन राज्य के लिए बड़ा मुद्दा है। पिछली बार वह आयोग के मेंबर भी थे। बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के यह कहने से नहीं चलेगा कि अल्पसंख्यकों की जनसंख्या बढ़ रही है। वह बताये कि एसटी जनसंख्या घट रही थी, तो केंद्र क्या कर रहा था। क्या भाजपा परिसीमन के लिए तैयार है।

### एसटी की सीटें घटेंगी, इसकी हमें चिंता करनी चाहिए: राधाकृष्ण किशोर



संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अल्पसंख्यकों की जनसंख्या बढ़ रही है, यह चिंता की बात नहीं होनी चाहिए। एसटी की सीटें घटेंगी, इस पर चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसदीय चुनाव प्रणाली में जनता मालिक होती है। आज 28 आदिवासी सीटों में से 27 हेमंत सोरेन के पास है। बाबा साहेब को अपमानित कर कमजोर वर्ग, दलित, पिछड़ा, आदिवासी, एसटी का सेंटीमेंट नहीं ले सकते।

### ओबीसी आरक्षण 27 से घटाकर 14 फीसदी क्यों कर दिया गया: सुदिव्य कुमार सोनू



नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि अलग राज्य बनने पर बाबूलाल मरांडी की सरकार ने अविभाजित बिहार के समय ओबीसी को मिल रहे 27 फीसदी आरक्षण को घटा कर 14 फीसदी क्यों कर दिया था। उस समय ओबीसी की जनसंख्या तो नहीं घटी थी। नेता प्रतिपक्ष के पास कौन सा तथ्यात्मक आंकड़ा है। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो में कौन से लोग बाहर से आकर बस गये, जिसने पूरे झारखंड की डेमोग्राफी बिगाड़ कर रख दी।

### भाजपा आदिवासियों की हिमायती नहीं : प्रदीप यादव



प्रदीप यादव ने बाबूलाल मरांडी की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये लोग आदिवासियों के हिमायती नहीं हैं। तभी तो लोकसभा में झारखंड को दो टुकड़ों में बांटने की मांग करते हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र में नवीन कार्य की शुरूआत करने के लिए समय ठीक है।

**वृष** — क्रोध व आवेश पर नियंत्रण रखें, शत्रु हानि पंहुचाने की चेष्टा करेंगे। लोग आपकी पीठ पीछे निन्दा करेंगे।

**मिथुन** — सरकार की ओर से धन व मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, नौकरी में प्रमोशन के अवसर मिल सकता है।

**कर्क** — नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता है,जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** — नया काम इस समय हाथ में न लें, कोई अप्रिय समाचार मिलेगा, जिससे मन एकदम परेशान व आप भयभीत हो उठेंगे।

**कन्या** — व्यापार व कार्यक्षेत्र की चिन्ताओं से आप मुक्त हो जायेंगे, जीवन साथी से व्याप्त मतभेदों का निराकरण होगा।

**तुला** — रोजी-रोजगार में अवरोध-विरोध का सामना हो सकता है,विरोधी प्रबल होकर हावी होंगे।

**वृश्चिक** — बिगड़ा हुआ कार्य सुधरेगा तथा धन प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों में बराबर सफलता मिलेगी।

**धनु** — कारोबार व कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होंगे, आपके अपने परिश्रम का पूरा पूरा फल मिलेगा।

**मकर** — आस-पड़ोस व मित्रों का सहयोग मिलेगा,कारोबार के हालात पुछले दिनों से कुछ बेहतर होंगे।

**कुंभ** — नई नौकरी मिलने की प्रयास सफल होने की संभावना,विघ्न बाधाओं के वाबजूद सफलता तथा धन प्राप्ति के साधन बनेंगे।

**मीन** — मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे, आय में कुछ कमी रहेगी,फिर भी आय के साधन निर्वाह योग्य बने रहेंगे।

### जयराम ने पारा शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने की मांग की



रांची (आजाद सिपाही)। जयराम महतो ने सरकार से पारा शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि और स्थायीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि लगभग 60 हजार पारा शिक्षकों को वर्तमान राज्य सरकार से न्याय की उम्मीद है। साथ ही पारा शिक्षकों के आकस्मिक निधन पर उनके परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षक पिछले दो दशकों से झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ रहे हैं। पारा शिक्षकों ने न केवल विद्यालयों में पढ़ाई के कार्य में अपनी भूमिका निभाई है, बल्कि जनगणना, मतगणना और अन्य सरकारी कार्यों में भी अपना योगदान दिया है।

### आलमगीर आलम: इडी ने सरकार से अभियोजन की स्वीकृति मांगी

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सरकार से उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति की मांग की है। आलमगीर आलम को इडी ने 15 मई 2024 को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इस पूरे मामले की जड़ में हैं ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, जिनसे पूछताछ के बाद चौंकाने वाले खुलासे हुए। वीरेंद्र राम ने माना था कि विकास योजनाओं की रकम से कमीशन लिया जाता था, और इसमें मंत्री समेत कई लोग शामिल थे। उनकी जानकारी के आधार पर इडी ने मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल और करीबी सहयोगी जहांगीर आलम के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इडी की रेड में जहांगीर आलम के ठिकानों से 32 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। इतनी बड़ी रकम का सीधा कनेक्शन तत्कालीन मंत्री से जोड़ा गया। वहीं, संजीव लाल के पास से विकास योजनाओं में कमीशन की वसूली का पूरा हिसाब-किताब मिला। इन सबूतों के आधार पर आलमगीर आलम को समन जारी किया गया और पूछताछ के बाद 15 मई की रात को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल, मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल और जहांगीर आलम जेल में हैं, और इडी की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। अब सरकार से अभियोजन की स्वीकृति मिलने के बाद मामला और गंभीर मोड़ ले सकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW
सर्राफा
सोना (बिक्री) 82,500 रु./10 ग्राम
चांदी 104,000 रु./प्रति किलो


## कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर गोलीबारी का मामला

# प्रेम पांडेय समेत 6 अपराधी गिरफ्तार

**अमन साव के कहने पर प्रेम पांडेय ने चलवायी थी विपिन मिश्रा पर गोली, आकाश ने दिलवाये थे हथियार**

**चार पिस्टल, 26 गोलियां और एक बाइक बरामद की गयी**



### आकाश राय ने दिया था हथियार

रायपुर जेल में बंद रहने के दौरान गैंगस्टर अमन साव (मृत) के कहने पर इस घटना को अंजाम दिया गया। प्रेम पांडेय के जरिए इस घटना को अंजाम दिलवाया गया। घटना को अंजाम देने के लिए जेल में बंद आकाश राय उर्फ मोनू ने प्रेम पांडेय को हथियार उपलब्ध कराया था। इसके बाद प्रेम पांडेय ने बक्सर से आये शूटर अविनाश ठाकुर और शोभित सिंह को शामिल किया। घटना को अंजाम देने के लिए वाहन का इंतजाम करण के द्वारा किया गया, जबकि चालक के रूप में रहमान को लगाया गया। घटना के पूर्व विपिन मिश्रा की रेकी करने के लिए विशाल मुंडा को तैनात किया गया था। घटना के दिन वाहन चलाने में रहमान और दोनों शूटर घटनास्थल पर थे। दोनों शूटरों को प्रेम पांडेय ने श्री रामकृष्ण इंक्लेव में ठहराया था।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू में 7 मार्च की सुबह कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर अपराधियों ने गोलीबारी की थी। इस घटना में विपिन मिश्रा घायल हो गये थे। डीआइजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने इस घटना में शामिल प्रेम पांडेय समेत छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अपराधियों में प्रेम पांडेय, रहमान अंसारी, करण कुमार, अविनाश ठाकुर, शोभित सिंह और विशाल मुंडा शामिल हैं। इनके पास से चार पिस्टल, 26 गोलियां और एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तारी के दौरान प्रेम पांडेय और रहमान अंसारी भागने की कोशिश में पुलिस की गाड़ी से कूद गये, जिससे दोनों के पैर और अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आयी हैं। मंगलवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले की जानकारी दी।

**पहले विकास तिवारी गिरोह के लिए काम करता था प्रेम पांडेय :** प्रेम पांडेय ने पुलिस को बताया कि 15 फरवरी को वह रामगढ़ जेल से बाहर आया था। वर्तमान में मोरहाबादी स्थित श्री रामकृष्ण इंक्लेव के आठवें तल्ले पर मुन्ना सिंह के गेस्ट हाउस में रह रहा था। प्रेम पहले विकास तिवारी के गिरोह में काम करता था। उसके चचेरे भाई भरत पांडेय को जनवरी 2025 में पलामु चैनपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिसकी जिम्मेदारी विकास तिवारी ने ली थी। इसके पहले उनके चाचा अशोक पांडेय की हत्या भी 2022 में विकास तिवारी ने करवा दी थी।

गैंग के वर्चस्व के कारण ये हत्याएं हुई थीं। जब वे रामगढ़ जेल में थे, तो अमन साव ने उनसे संपर्क किया और मोनू राय उर्फ आकाश राय के माध्यम से सिग्नल एप से बात की और कहा कि मेरे गैंग में आ जाओ, मेरा काम करोगे तो सुरक्षित रहोगे। विकास तिवारी से लड़ाई के कारण वो अमन साहू के गैंग में शामिल हो गया और जेल से काम करने लगा।

28 फरवरी को शहीद चौक रांची में मोनू राय के आदमी ने अमन साहू के कहने पर दो लाख रुपये भेजवाए, जिसे करण से प्राप्त किया गया। इसके बाद विपिन मिश्रा को गोली मारने की साजिश रची गयी।

### कार पर की थी गोलीबारी

7 मार्च को बरियातू में विपिन मिश्रा पर गोलीबारी की घटना हुई थी। एक बाइक पर सवार होकर आये तीन अपराधियों ने विपिन मिश्रा की कार पर गोलीबारी की थी। गोलीबारी में विपिन मिश्रा को दो गोलियां लगी थीं। विपिन मिश्रा के निजी और सरकारी बॉडीगार्ड ने जब अपराधियों पर जवाबी फायरिंग की, तो वे फरार हो गये थे। फायरिंग के बाद अमन साव के गैंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर घटना की जिम्मेदारी ली थी। इसी दौरान 11 मार्च को छत्तीसगढ़ से रांची लाने के दौरान अमन साव एनकाउंटर में मारा गया।

# खेलगांव आवासीय परिसर से लेफ्टिनेंट कर्नल का शव बरामद

## पार्किंग एरिया में मिली लाश, आत्महत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के खेलगांव आवासीय परिसर से लेफ्टिनेंट कर्नल दिवाकर सिंह का शव बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि लेफ्टिनेंट कर्नल ने अपने घर पर आत्महत्या की है। हालांकि मामले की जांच की जा रही है। खेलगांव थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि शव बिल्डिंग की पार्किंग एरिया से मिला है। प्रारंभिक जांच में पूरा मामला आत्महत्या का लग रहा है। उन्होंने कहा कि यह भी जानकारी मिली है कि दिवाकर सिंह डिप्रेशन में थे।

**क्या है पूरा मामला :** भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल दिवाकर सिंह की आठवें तल्ले से गिरने की वजह से मौत हो गयी है। बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले दिवाकर सिंह खेलगांव स्थित आवासीय परिसर में अपनी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे। उनकी पोस्टिंग रांची के नामकुम आर्मी कैंप में थी। दिवाकर सिंह का शव अपार्टमेंट के पार्किंग एरिया से मंगलवार की सुबह बरामद किया गया। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी। खेलगांव थाना के प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पूरा मामला सुसाइड का लग रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**कई महीनों से डिप्रेशन में थे, चल रहा था इलाज**

**पत्नी ने बताया चल रहा था इलाज :** दिवाकर सिंह की पत्नी ने पुलिस को बयान दिया है कि वे पिछले कई महीनों से डिप्रेशन में थे और उनका इलाज भी चल रहा था। पत्नी के अनुसार दिवाकर सिंह हर शाम काफी देर तक बिल्डिंग के छत पर जाकर बैठा करते थे। सोमवार की शाम भी वे छत पर ही बैठे हुए थे। पत्नी ने इस दौरान फोन कर उन्हें कई बार नीचे बुलाया लेकिन वे नहीं आये। देर रात होने पर पत्नी और उनकी बेटी सोने चली गयीं। इसी बीच मंगलवार की सुबह पत्नी को यह जानकारी दी गयी की पार्किंग एरिया में दिवाकर सिंह का शव पड़ा हुआ है। 48 वर्षीय लेफ्टिनेंट कर्नल दिवाकर सिंह की पोस्टिंग रांची के नामकुम में थी।

# श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल ने पहली मंगलवारी शोभायात्रा निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल ने पहली मंगलवारी शोभायात्रा निकाली। जो रातू रोड होते हुए महावीर चौक पहुंची। बजरंगबली मंदिर में झंडा पूजा किया गया। उसके बाद ढोल-ताशा के साथ और अखाड़े के सभी लोग तलवारबाजी और तरह-तरह का प्रदर्शन करते दिखे। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष अमित सोनी संरक्षक शंकर प्रसाद, प्रेम चौधरी, मंजीत सिंह, मंटू सिंह, नीरज कुमार, गौतम रीत राज, संतोष गुप्ता, मिक्की बर्मन, संयोजक पवन मिश्रा, सह संयोजक गुड्डू नायक अधिवक्ता, कोषाध्यक्ष आयुष राज वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष हरि गोप, अंकित आनंद, अंकित सिंह, आनंद कुजूर, उपाध्यक्ष शुभम चौधरी, अभिषेक पासवान, मंत्री सुंदरम सिंह, महामंत्री बंटी सोनी, सह मंत्री अंशु तिर्की, सागर सोनी, मनीष नायक, कुमार गौरव, प्रचार मंत्री मोहित सोनी, जुलूस प्रभारी अंकित सोनी, संतू यादव, करण पाठक, आयुष सोनी मीडिया प्रभारी राजवीर चौधरी, सौरभ राय मौजूद थे।

# श्रीधर डांडीन बने एसबीयू के रजिस्ट्रार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रीधर बी डांडीन को सरला बिरला विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। उन्होंने मंगलवार को विवि के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित कुलसचिव कार्यालय में अपना पदभार संभाला। इस दौरान विवि के अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

श्रीधर डांडीन ने बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर्नाटक विश्वविद्यालय से की है। बाद में बिट्स पिलानी से सॉफ्टवेयर सिस्टम में उन्होंने मास्टर्स किया। अध्यापन और प्रशासनिक क्षेत्र में ढाई दशकों से भी अधिक का उनका लंबा अनुभव रहा है। वर्ष 2020 में उन्होंने एसबीयू में इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंस के डीन के तौर पर पदभार संभाला। पिछले साल कुछ समय तक वे विवि में बतौर कुलपति (प्रभार) भी रहे। वर्तमान में अध्यापन के अलावा फ्रांस के इंरिआ लैब्स के सहयोग से वे रिसर्च कार्य में भी संलग्न हैं। श्रीधर बी डांडीन की नियुक्ति पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा एवं कुलपति प्रो. सी जगन्नाथन ने उन्हें शुभकामनाएं दी और बधाई संदेश प्रेषित किया है।

## डीजीपी नियुक्ति के मामले में दायर अवमानना याचिका की सुनवाई अब 25 को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के डीजीपी पद पर आइपीएस अनुराग गुप्ता की नियुक्ति के खिलाफ दायर अवमानना याचिका की सुनवाई मंगलवार नहीं हो सकी। इस मामले की सुनवाई अब 25 मार्च को होने की संभावना है। नेता प्रतिपक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अनुराग गुप्ता की डीजीपी के रूप में नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ बताते हुए अवमानना याचिका दायर की थी। इसकी सुनवाई 18 मार्च के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश संजय कुमार और न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की पीठ में होनी थी, लेकिन समयाभाव की वजह से इसकी सुनवाई नहीं हो सकी।

## जल संकट से निपटने के लिए टोल फ्री नंबर जारी

रांची। गर्मी के मौसम में बढ़ते जल संकट की आशंका को देखते हुए रांची नगर निगम ने जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाये हैं। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम ने एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है और शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18005701235 एवं 9431104429 जारी किये हैं।

# एसीबी ने तमाड़ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को 10 हजार रुपये घूस लेते किया गिरफ्तार

**एसीबी को मिली थी पीडीएस दुकानों से अवैध वसूली करने की शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत चैल को एसीबी ने दस हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, अभिजीत चैल जन-वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों से अवैध वसूली करते थे। एसीबी ने बताया कि तमाड़ थाना क्षेत्र के धनंजय साहू ने लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने बताया था कि पैतृकगांव परसा में उनके नाम से सरकारी जन वितरण प्रणाली की दुकान है, जो 1989 से संचालित हो रही है। वर्तमान समय में तमाड़ प्रखंड में अभिजित चैल प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के प्रभार में हैं। पीडीएस दुकानों से अभिजीत चैल अवैध रूप से तीन हजार रुपये प्रति माह रिश्वत की वसूली कर रहे हैं। शिकायत में धनंजय ने कहा कि प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत चैल आठ मार्च को दुकान आये और पीडीएस दुकान चलाने के लिए बीस हजार रुपये रिश्वत की मांग की। एसीबी ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच की। जांच में घूस मांगे जाने की बात सही पायी गयी। जिसके बाद एसीबी की टीम ने दस हजार रुपये घूस लेते हुए प्रभारी प्रखंड पदाधिकारी को गिरफ्तार कर लिया।

## अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

# कोयला कामगारों की समस्याओं को लेकर होगी आर-पार की लड़ाई : के लक्ष्मा रेड्डी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मंगलवार को रांची के सीएमपीडीआइ के प्रांगण में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ पदाधिकारी की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का नेतृत्व कोल उद्योग प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने किया। उक्त मौके पर के लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देश, उद्योग और श्रमिक हित के विचार धारा के साथ कार्य करता है। आज भारतीय मजदूर संघ की पहल पर जेनरल असिस्टेंट करवाया गया। प्रबंधन के साथ कैडर स्कीम कोयला कामगारों के हित में करवायी जायेगी। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की 17 सूत्री मांगो को मजबूती से रखते हुए हमलोगों ने विगत पूर्व के महीने में आंदोलन किया। जेबीसीसीआइ में भी 21 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी करवाया गया। आज एक सम्मानजनक दुर्गा पूजा बोनस दिलाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण पर प्रबंधन को अवगत कराया। उसका परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कोल इंडिया प्रबंधन ने महिला कल्याण बोर्ड की स्थापना की। यह भारतीय मजदूर संघ की ऐतिहासिक देन है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां माइंस विस्तारीकरण की समस्या है। उपरोक्त सभी विषयों को कोयला मंत्री को अवगत कराया जायेगा, ताकि सकारात्मक पहल हो सके। कोयला कामगारों को एक करोड़ ग्रुप इंश्योरेंस और ठेका कामगारों को 40 लाख का ग्रुप इंश्योरेंस और सीएमपीएफ में 720 करोड़ के घोटाले की सीबीआइ जांच की मांग की गयी है। के लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि प्रबंधन मात्र उत्पादन पर ध्यान आकर्षित किये हुये है। कोयला कामकारों के सामाजिक सुरक्षा को दरकिनार कर दिया है। देश को कोयला की आवश्यकता विजली आपूर्ति के लिए है, पर सुरक्षा से समझौता भारतीय मजदूर संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रबंधन को कोयला कामगारों के भविष्य की चिंता सुनिश्चित करनी होगी। कर्मचारी और ठेका कामगारों को एचपीसी के तहत सामाजिक सुरक्षा, आवास, चिकित्सा, पीएलआर बोनस आदि विषयों पर प्रबंधन को गहरायी से सोचना होगा। पूरे कोल इंडिया के सब्सिडीरी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, मल्टी सिटी क्वार्टर के विषयों पर सकारात्मक पहल प्रबंधन करे। भारतीय मजदूर संघ श्रम कानून कुछ विषयों का समर्थन करता है, और कुछ विषयों पर संशोधन करने की आवश्यकता है। उक्त मौके पर अध्यक्ष संजय कुमार चौधरी, महामंत्री सुजीत सिंह, अशोक मिश्रा, रवींद्र कुमार मिश्रा, अंगद उपाध्याय, शशि भूषण सिंह, उमेश सिंह, निर्गुन महतो, आशीष मूर्ति क्षेत्रीय सचिव मुख्यालय रांची अनुप सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# आज भारत दुनिया का बड़ा रेलवे निर्यातक बन चुका है : अश्विनी वैष्णव

- राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ें
- जल्द ही बिहार में बने लोकोमोटिव का दुनिया में डंका बजेगा
- अब भारतीय रेल में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई तकनीकी बदलाव किये गये हैं
- केंद्र सरकार ने हर राज्य के लिए रेलवे विकास हेतु ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है
- बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट्स आने वाली पीढ़ियों के लिए बनाये जा रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों और चर्चा पर जवाब दिया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय रेल की प्रगति को रेखांकित करते हुए पंक्चुअलिटी, रोजगार, सुरक्षा, निर्यात और इंफ्रा डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रोजगार देने में भी रेलवे सबसे आगे है। उन्होंने देश की प्रगति के लिए सभी से राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

रेल मंत्री ने सदन में कहा कि रेलवे की पंक्चुअलिटी में बड़ा सुधार हुआ है। इस वर्ष में 68 में से 49 डिवीजन में गाड़ियों की पंक्चुअलिटी 80% से अधिक दर्ज की गयी है। उससे भी गौरव की बात ये है कि 12 डिवीजन ऐसे रहे जहां पंक्चुअलिटी 95% तक पहुंच गयी है। विश्व के बड़े देशों के बराबर पहुंचने की कोशिश हम कर रहे हैं। ये रेलवे की गुणवत्ता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रोजगार सृजन का जिक्र करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल ने पिछले 10 वर्षों में 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान में भी 1 लाख लोगों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

रेल मंत्री ने कहा कि अब भारतीय रेल में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई तकनीकी बदलाव किये गये हैं। लंबे रेल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग सेफ्टी डिवाइस जैसे कदमों ने रेल यात्रा को और सुरक्षित बनाया है। 50,000 किलोमीटर पुराने ट्रैक को हटाकर नये ट्रैक बिछाये गये हैं, जिससे सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 34,000 किलोमीटर नये रेलवे ट्रैक बनाये गये हैं, जो जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। लोकोमोटिव उत्पादन में भी भारत ने बाजी मारी है। रेल मंत्री ने कहा कि देश में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ जो अमेरिका और यूरोप के कुल उत्पादन से अधिक है। भारतीय रेल ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। रेल मंत्री ने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत एक बड़ा रेलवे निर्यातक बन चुका है। ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच, यूके, सऊदी अरब और फ्रांस को रेल कोच तथा मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली को ऑपरेशन इक्विपमेंट निर्यात किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही बिहार में बने लोकोमोटिव का दुनिया में डंका बजेगा और तमिलनाडु में निर्मित पहिए दुनिया के दूसरे देशों की ट्रेनों में भी दौड़ते नजर आयेंगे। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है।

रेल मंत्री ने कहा कि कोलकाता मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। 1972 से 2014 तक 42 वर्षों में 28 किमी का काम हुआ, जबकि मोदी सरकार के 10 वर्षों में 38 किमी का काम पूरा हुआ। बुलेट ट्रेन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमें देश को आगे ले जाना है। बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट्स आने वाली पीढ़ियों के लिए बनाये जा रहे हैं। रेल मंत्री ने नॉर्थ ईस्ट में रेलवे प्रोजेक्ट्स में अभूतपूर्व प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि सिक्किम में सेवक से रंगपो तक रेल प्रोजेक्ट पहुंच रहा है, असम में नये काम शुरू हुए हैं और त्रिपुरा में आजादी के बाद पहली बार ब्रॉड गेज लाइन शुरू हुई है। केंद्र सरकार ने हर राज्य के लिए रेलवे विकास हेतु ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि रेलवे का लक्ष्य हर कोने को रेल नेटवर्क से जोड़ना और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देना है। भारत में आज विश्व का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन रिडेवलपमेंट प्रोग्राम (अमृत भारत स्टेशन) चलाया जा रहा है।

# चाइबासा में आइइडी ब्लास्ट, एक जवान घायल

**जवान को एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के जराइकेला थानांतर्गत वनग्राम राधा पोड़ा के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों एवं सुरक्षा बलों के बीच लगभग मंगलवार सुबह 10.25 बजे मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सलियों ने आइइडी ब्लास्ट कर दिया, जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। ये जानकारी पश्चिमी सिंहभूम पुलिस अधीक्षक अशूतोष शेखर ने दी। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ के क्रम में सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाते हुए भाग खड़े हुए। इसी क्रम में उक्त क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये आइइडी को विस्फोट किया गया, जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ 134 बटालियन के एसआइ सुबोध कुमार जख्मी हो गये। उक्त जख्मी पदाधिकारी की स्थिति स्थिर है। पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय झारखंड रांची और सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर, रांची के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल प्राथमिकी उपचार के बाद जख्मी जवान को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है।

# आसान नहीं है चुनाव आयोग की चुनौती

चुनाव आयोग वोटर आइडी कार्ड को आधार से जोड़ना चाहता है और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है फर्जी मतदान को रोकना। मंशा चाहे जितनी भी सही हो, लेकिन इस काम में कानूनी से लेकर राजनीतिक तक कई चुनौतियां हैं। विवादों के लंबे इतिहास को देखते हुए यह जरूरी हो जाता है कि कोई भी कदम सभी पक्षों को विश्वास में लेकर और जरूरत के हिसाब से उठाया जाये।

**कितना स्वैच्छिक:** साल 2021 में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन के बाद आधार को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने की अनुमति मिली। चुनाव आयोग ने तब जनता से आधार नंबर मांगते हुए कहा था कि यह स्वैच्छिक है, यानी जिसे दोनों डॉक्यूमेंट लिंक करने हैं, वह करे और जो नहीं चाहता, वह न करे।

**कानूनी पहलू:** आयोग के पास 66.23 करोड़ आधार नंबर आ चुके हैं। हालांकि इन्हें अभी तक वोटर आइडी से लिंक नहीं किया गया है। वजह है 2023 में हुआ अदालती केस। सुप्रीम कोर्ट में जब यह मामला पहुंचा, तो यही आरोप लगाया गया था कि आयोग के अनुसार प्रक्रिया स्वैच्छिक है, लेकिन जानकारी जुटाने के लिए जो फॉर्म लागू किया गया, उससे यह बात पता नहीं चलती। यही सवाल अब भी कायम रहेगा।

**चुनाव आयोग वोटर आइडी को आधार से जोड़ने की योजना बना रहा है, ताकि फर्जी मतदान रोका जा सके। हालांकि इसे कानूनी, निजता और राजनीतिक पहलुओं के चलते कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।**

**प्राइवेसी की चिंता:** दूसरी बड़ी चिंता है लोगों की प्राइवेसी को लेकर। आज प्राइवेट डेटा लीक सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। जब आधार और वोटर आइडी का डेटाबेस मिल जायेगा, तो इसे सिक्योर करने की चुनौती भी ज्यादा बड़ी होगी। ऐसे सॉफ्टवेयर और टूल की जरूरत पड़ेगी, जिससे लोगों के मन में किसी तरह की आशंका न रहे।

**राजनीतिक एंगल:** इस मामले के राजनीतिक पहलू पर नजर डालना भी जरूरी है। हाल में तृणमूल कांग्रेस ने डुप्लिकेट वोटर आइडी का मुद्दा उठाया। इससे पहले भी तमाम प्रमुख दल अपनी चिंता जता चुके हैं। जाहिर तौर पर चुनाव आयोग का मकसद यही है कि डुप्लिकेसी को खत्म किया जाये और हर एक वोट वैध हो। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने विदाई भाषण में बायोमीट्रिक पहचान की खासियत पर बात की थी। लेकिन मसला है कि अभी पूरी प्रक्रिया स्वैच्छिक है। अगर यह आगे भी स्वैच्छिक रहती है, तो आयोग को पूरा डेटा कैसे मिलेगा और जब पूरा डेटा ही नहीं होगा, तो डुप्लिकेसी को कैसे खत्म किया जायेगा?

**अहम बैठक:** सुप्रीम कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि आधार को किसी भी सरकारी प्रक्रिया से जोड़ने के लिए साबित करना जरूरी होगा कि यह वाकई जरूरी है और इससे कोई नुकसान नहीं होगा। याद रखना होगा कि यह प्रक्रिया केवल प्रशासनिक नहीं, चुनावी व्यवस्था पर जनता के भरोसे से जुड़ी हुई है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आधुनिक चिकित्सा को रोबोटिक्स की सटीक क्षमता ने समृद्ध किया है। रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी तथा रियल-टाइम टेली सर्जरी क्षमता के साथ सर्जिकल केयर संभव हुई है। इसका फायदा दूरदराज के इलाकों के रोगियों को समय पर और बेहतर इलाज की सुविधा मिलने के मामले में होगा। देश में नयी मोबाइल टेली-सर्जिकल यूनिट का लोकार्पण इसी दिशा में बढ़ा एक और महत्वपूर्ण कदम है।**

# भौगोलिक बाधाओं को पाट जीवन बांटती रोबोटिक्स

अरुण कुमार सिंह



**दुनिया** में बदलते वक्त के साथ आधुनिक चिकित्सा ने नये आयाम स्थापित किये हैं, जिसने आम आदमी की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि की है। आधुनिक तकनीक ने भौगोलिक बाधाओं को दूर करके चिकित्सा विशेषज्ञता को दूर-दराज के इलाकों में पहुंचाने में मदद की है। चिकित्सकीय विशेषज्ञता और तकनीकी प्रगति के साम्य ने कारगर उपचार के जरिये मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। आधुनिक चिकित्सा को रोबोटिक्स की बदलावकारी और सटीक क्षमता ने समृद्ध किया है। सर्जरी के क्षेत्र में निरंतर आधुनिक बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में इनोवेशन और विश्वस्तरीय साझेदारियों तथा चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए साझा दृष्टिकोण के महत्व को दर्शाता है। इसी दिशा में एसएस इनोवेशंस ने दूसरे ग्लोबल एसएमआरएससी 2025 के माध्यम से भारत की पहली मोबाइल टेली-सर्जिकल यूनिट 'मंत्राएम' का लोकार्पण किया है। यह आधुनिक मोबाइल सर्जिकल यूनिट दूरदराज के इलाकों के लिए आधुनिक रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी तथा रियल-टाइम टेली सर्जरी क्षमता के साथ उच्च गुणवत्ता की सर्जिकल देखभाल को सुलभ बना सकती है।

**रोबोटिक सर्जरी के भविष्य पर मंथन:** हाल ही में उद्योग जगत के दिग्गज एसएमआरएससी 2025 में एकजुट हुए। इनमें अंतरराष्ट्रीय थ्योरिसिस्ट एवं फ्यूचुरिस्ट डाफ मिचियो काकु, सर्जिकल रोबोटिक्स के जनक डॉ फ्रेडरिक मोल आदि शामिल थे। इन सभी हस्तियों ने रोबोटिक सर्जरी और हेल्थकेयर के भविष्य को आयाम देने में इनोवेशंस की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में कई महाद्वीपों से 150 से अधिक अग्रणी विशेषज्ञों सहित 1200 से अधिक डॉक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी के भविष्य और प्रगति पर मंथन किया।

**रोबोटिक्स लगातार विकसित हो रही है और अधिक इंटेलीजेंट बन रही है।**

**रोबोटिक्स की बदलावकारी क्षमता:** निस्संदेह, चिकित्सकीय विशेषज्ञता और तकनीकी प्रगति के बीच के अंतर को दूर कर इस पहल ने आधुनिक चिकित्सा में रोबोटिक्स की बदलावकारी क्षमता को दशार्या है। सर्जरी के क्षेत्र में निरंतर आधुनिक बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में यह प्रयास विश्वस्तरीय साझेदारियों के जरिये चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए प्रगतिशील दृष्टिकोण की जरूरत बताता है। इस दौरान एसएस इनोवेशंस के मुख्यालय से 1700 किलोमीटर की अधिक दूरी पर बंगलुरु के एस्टर सीएमआइ हॉस्पिटल में टेलीसर्जरी को अंजाम दिया गया, जो रिमोट सर्जिकल केयर की दिशा में बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है।

**सर्जिकल केयर की पहुंच बढ़ाने की पहल:** निस्संदेह, यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेली-मेडिसिन में बदलाव लेकर आयेगी। आधुनिक मोबाइल टेली-सर्जिकल यूनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकित्सा सेवाओं की मूलभूत सुविधाओं को नये आयाम देने और मॉडर्न सर्जिकल केयर की पहुंच बढ़ाने की प्रतिबद्धता दर्शाती है। यह सर्जिकल इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने तथा रोबोटिक सर्जरी एवं हेल्थ टेक इनोवेशन में ग्लोबल भूमिका के रूप में आगे बढ़ने में देश की स्थिति मजबूत बनायेगी।

**दूरदराज के क्षेत्रों में सुलभ चिकित्सा:** वास्तव में टेलीसर्जरी की आधुनिक क्षमता दूरदराज के वंचित क्षेत्रों में विश्वस्तरीय रोबोटिक-असिस्टेड प्रक्रियाओं को सुलभ बनाकर सर्जिकल केयर की सभी बाधाओं को दूर कर रही है। टेली सिंक मोबाइल यूनिट में सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम, हाइ-स्पीड कनेक्टिविटी और आधुनिक सर्जिकल रोबोटिक्स शामिल हैं, जो रिमोट एवं ऑन-साइट सर्जिकल टीम के बीच रियल टाइम सहयोग को यकीनी बनाता है। इस इनोवेशन के जरिये सर्जन न्यूनतम लेटेंसी के साथ प्रक्रिया को पूरा कर सकता है। इस तरह आधुनिक सर्जिकल केयर पहले से कहीं अधिक सुलभ हो जाती है। एसएस इनोवेशंस संस्थापक और चेयरमैन डॉ सुधीर श्रीवास्तव कहते हैं, एसएसआइ मंत्राएम एक मोबाइल टेली-सर्जिकल यूनिट विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक बदलाव लाने की एक मुहिम है। हाइ-स्पीड टेलीकम्युनिकेशन एवं सैटेलाइट कनेक्टिविटी के साथ यह भौगोलिक बाधाओं को दूर करता है तथा उन समुदायों के लिए जीवन रक्षक रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी को सुलभ बनाता है, जो इससे वंचित हैं। निरंतर अनुसंधान एवं इनोवेशन के जरिये यह सुनिश्चित करने की कोशिश है कि आधुनिक रोबोटिक सर्जरी उन सभी लोगों की पहुंच में आ जाये, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

**इनोवेशंस पर चर्चा:** ग्लोबल एसएमआरएससी के दौरान रोबोटिक, यूरोलोजी, जनरल सर्जरी, गायनेकोलोजी, ओंकोलोजी, हेड एंड नेक और कार्डियोथोरेसिक सर्जरी पर फोकस करते हुए रोबोटिक सर्जरी एवं टेलीसर्जरी में इनोवेशंस पर चर्चा को बढ़ावा दिया गया। साथ ही एसएस इनोवेशंस के आधुनिक सर्जिकल केयर में बदलाव रहे प्रमुख सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा 3 की आधुनिक क्षमता का प्रदर्शन किया गया। देश भर के 70 से अधिक अस्पतालों में इंस्टॉल्ड एसएसआइमंत्रा का जटिल कार्डियक प्रक्रियाओं सहित 3000 से अधिक मल्टी-स्पेशलटी सर्जरियों को सुगम बनाने में योगदान है।

**संभव हुए प्रेसीजन मेडिसिन, रियलटाइम रिमोट प्रोसिजर:** इस मुहिम में दुनिया भर से ऐसे दिग्गज शामिल हुए, जो हेल्थकेयर एवं टेक्नोलॉजी के भविष्य को नया आयाम दे रहे हैं। जाने-माने थ्योरिटिकल फिजिसिस्ट एवं फ्युचुरिस्ट डॉ मिचियो काकु बताते हैं कि एआइ, क्वांटम कंप्युटिंग और रोबोटिक्स की प्रगति ने सर्जरी को नया आयाम दिया है, जिसने प्रेसीजन मेडिसिन एवं रियल टाइम रिमोट प्रक्रिया को वास्तविकता बना दिया है।

**क्वांटम मैकेनिकल रोबोटिक सर्जरी की दिशा में कदम:** निस्संदेह, सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम भविष्य की चिकित्सा को नया आयाम देगा, जो सर्जरी में क्वांटम मैकेनिक्स का इंटीग्रेशन को दर्शाता है। यह सिर्फ रोबोटिक सर्जरी नहीं, बल्कि क्वांटम मैकेनिकल रोबोटिक सर्जरी की दिशा में एक कदम है, एक विकास, जो चिकित्सा में बड़े बदलाव ला सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्वांटम मैकेनिक्स और रोबोटिक सर्जरी एक साथ मिलकर चिकित्सा जगत में नयी खोज का मार्ग प्रशस्त करेंगे। सर्जिकल रोबोटिक्स के जनक डॉ फ्रेडरिक मोल मानते हैं कि रचनात्मकता, दृढ़ता के चलते ही हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। रोबोटिक्स लगातार विकसित हो रही है और अधिक इंटेलीजेंट बन रही है। ऐसे में हम क्षमता के नये दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां मरीज और मानवता, दोनों का कल्याण सुनिश्चित होगा। इस दौरान लाइव टेली-सर्जरी और टेली-प्रॉक्टरिंग सेशन के जरिये कार्डियक एवं मल्टीस्पेशलटी क्षेत्रों में रियल टाइम रोबोटिक सर्जरियों का प्रसारण किया गया। बेहतर है कि 'मेड इन इंडिया' दृष्टिकोण के साथ रोबोटिक सर्जरी में इनोवेशन का कार्य आधुनिक विश्वस्तरीय तकनीकों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। निस्संदेह, रोबोटिक्स हमारा भविष्य है। ऐसे में ये तकनीकें हेल्थकेयर में सटीकता, दक्षता और सुलभता को नयी परिभाषा दे रही हैं। भौगोलिक सीमाओं के अंतर को दूर कर और चिकित्सा पेशेवरों को प्रभावी क्षमता के साथ सशक्त बनाकर लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा रहा है। निस्संदेह, सर्जिकल उत्कृष्टता के नये मानक स्थापित करके विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं दुनिया के हर कोने तक पहुंचाने का प्रयास होना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# जुगसलाई विधायक ने विधानसभा में उठायी खरकई नदी में वीयर डैम निर्माण की मांग

**वीयर डैम निर्माण से जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में होगा स्वच्छ और निरंतर पेयजल आपूर्ति : मंगल कालिंदी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर/रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधान सभा क्षेत्र में जल संकट को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जुगसलाई नगर परिषद में पेयजल आपूर्ति में आ रही कठिनाइयों को सदन के समक्ष प्रस्तुत की। विधायक कालिंदी ने बताया जुगसलाई नगर परिषद एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। जहां इंटेक वेल के माध्यम से घरों में पानी की आपूर्ति की जाती है। गर्मी के दिनों में इंटेक वेल का जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण पानी की आपूर्ति में कमी हो रही है। जिससे क्षेत्र के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया यदि खरकाई नदी पर वीयर डैम का निर्माण किया जाए तो इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। इसके पूर्व विधायक श्री कालिंदी ने जल संसाधन मंत्री रहे चंपाई सोरेन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। जिसमें उन्होंने खरकाई नदी पर वीयर डैम निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिये थे। विधायक ने बताया कि नदी का जल स्तर कम होने और औद्योगिक इकाइयों द्वारा नदी में दूषित जल प्रवाहित करने के कारण इंटेक वेल से प्रदूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विधायक मंगल कालिंदी ने सरकार से आग्रह किया कि खरकाई नदी पर शीघ्र वीयर डैम का निर्माण कराया जाए, ताकि जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छ और निरंतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# एक दिवसीय जिला स्तरीय सहिया और सामुदायिक स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर सिदगोड़ा टाउन हॉल में एक दिवसीय जिला स्तरीय सहिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित सम्मेलन में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, एमओआईसी, बीपीएम शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर सम्मेलन में 10 सहिया को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जिनमें चंपा हेंब्रम, प्याली राणा, चाइना नम्ता,चिता मुर्मू, काजल सिंह, सीमा देवी, पुनगी मुर्मू, वर्षा रानी महतो, पिंकी पात्रो और पदमा देवी शामिल हैं। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों में दीपिका कुजूर, रश्मि बागे, निर्मला सिंह, बरसा बघेल, सुप्रिया डे, नविता कुमारी, शिशिर पूर्ति, शिखा रानी महतो और अंजना कुमारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ जोगेश्वर प्रसाद, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ रंजीत पांडा, जिला वीबीडी पदाधिकारी और राज्य कंसल्टेंट कम्युनिटी मैनेजर अकाई मिंज और कंसल्टेंट मीडिया एनएचएम अजय कुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।


## सरायकेला में बालू कारोबारियों से अवैध वसूली का मामला दर्ज

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र में बालू कारोबार से जुड़े लोगों से अवैध वसूली और जातिसूचक गाली-गलौज का मामला सामने आया है। मंगलवार को दयापुर गांव निवासी घासीराम माझी ने एसटी थाना में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करायी। वादी के अनुसार 8 मार्च से हर गाड़ी में 800 सीएफटी बालू ओवरलोड कर प्रति गाड़ी 8,000 रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। आगामी 13 मार्च की रात 10:30 बजे जब वे चुनचुड़िया पेट्रोल पंप के पास इस वसूली का कारण जानने पहुंचे तो विवेक झा उर्फ छोटू झा, आकाश अंसारी, नौशाद आलम और मो. जासिम अंसारी अवैध वसूली कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं और धमकी दी। रंगदारी नहीं देने पर कारोबार बंद करवा दिया जायेगा। घासीराम माझी ने कहा कि डर के कारण तत्काल शिकायत दर्ज नहीं करायी, लेकिन अब उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे है।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों का पंतनगर प्लांट का औद्योगिक दौरा आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को उत्तराखंड स्थित पंतनगर प्लांट का औद्योगिक दौरा करेंगे। यह दौरा 19 से 23 मार्च तक चलेगा, जिसमें यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, अनिल शर्मा, एसएन सिंह, आरआर दुबे, अशोक उपाध्याय, चंद्रकांत सिंह, अरविंद कुमार, नवीन कुमार, पीके दास शामिल होंगे। टीम के समन्वय के लिए ईआर पदाधिकारी सुजीत झा भी इस दौरे में शामिल होंगे। औद्योगिक दौरे का उद्देश्य टाटा मोटर्स के विभिन्न प्लांट्स में अपनाये जा रहे श्रेष्ठ प्रयासों को समझना और उन्हें जमशेदपुर प्लांट में लागू करना है। साथ ही जमशेदपुर प्लांट में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को अन्य प्लांट्स तक पहुंचाने की दिशा में भी यह दौरा महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का यह प्रयास संगठन के विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## प्रकृति और धरती को बचाने में आदिवासियों का सबसे बड़ा योगदान : महाबीर मुर्मू



**गुड़ाबांधा (आजाद सिपाही)।** मुड़काटी पंचायत के भावटिया गांव में दिशोम जाहेरगाढ़ बाहा बोंगा कमिटी के द्वारा दिशोम बाहा बोंगा का भव्य आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता महाबीर मुर्मू शामिल हुए। उन्होंने जाहेरगाढ़ में ग्रामीणों संग ईष्ट देवी-देवताओं के समक्ष माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। महाबीर मुर्मू ने कहा कि बाहा पर्व आदिवासी संथाल समुदाय का प्रकृति उपासना का सबसे बड़ा महापर्व है। प्रकृति और धरती को बचाने में आदिवासियों का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आदिवासी परिवार ही जल, जंगल, जमीन, नदी, पहाड़, पर्वत को पूजते हैं। यहीं आदिवासियों की पहचान है। मौके पर कमिटी के मुख्य संरक्षक रामाई मुर्मू, राम चंद्र हांसदा, साकिला हेंब्रम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विधायक सरयू राय के औचक निरीक्षण के बाद मानगो पेयजल परियोजना में सफाई कार्य प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने 16 मार्च की रात किये चार घंटे औचक निरीक्षण के बाद मानगो पेयजल परियोजना के अंतर्गत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और जलाशयों की सफाई कार्य प्रारंभ हो गया। विधायक सरयू राय ने मानगो क्षेत्र की सात जल टंकियों, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटेक वेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्षों से सफाई नहीं होने की जानकारी मिली। जिसके कारण मानगोवासियों को स्वच्छ पानी की आपूर्ति में बाधा आ रही थी। मंगलवार को जवाहरनगर रोड नंबर 15 स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई प्रारंभ हुई। इस प्रक्रिया में टनों मलबा और कीचड़ निकाला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सफाई के दौरान लगभग 50 किलो मछलियां भी मिलीं। विधायक के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि नीरज सिंह, पप्पू सिंह और संतोष भगत ने सफाई कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वर्षों से सफाई न होने के कारण जलाशयों में भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया था, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई के बाद मानगो क्षेत्र की सातों जल टंकियों की सफाई भी शीघ्र ही प्रारंभ की जायेगी। ठेकेदार के सुपरवाइजर अर्जुन शाही ने आश्वासन दिया की सभी टंकियों की सफाई जल्द से जल्द पूरी की जायेगी। विधायक सरयू राय ने कहा कि मानगो पेयजल परियोजना में स्थापित कई उपकरण काम नहीं कर रहे हैं। संबंधित विभाग परियोजना के संचालन में विफल रहा है। उन्होंने कहा, अब तक हुई गलतियों को सभी के सहयोग से ठीक किया जायेगा। चाहे वह पेयजल आपूर्ति, कचरा निष्पादन, बिजली आपूर्ति या किसी अन्य जनसुविधा से संबंधित हो।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि बीएलओ के साथ नियमित संपर्क में रहें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रविशंकर शुक्ला ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मंगलवार को बैठक में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961 सहित सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुपालन पर चर्चा की गयी। डीसी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारू चुनाव संपन्न कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाने की सुझाव के लिए आमंत्रित किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण है मतदाता सूची त्रुटिरहित हो और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम उसमें दर्ज हो। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया वे अपने क्षेत्र में बीएलओ के साथ नियमित संपर्क में रहें। बूथ लेवल एजेंट का चयन कर आगामी 27 मार्च तक जिला निर्वाचन कार्यालय को सूची सौंपें। ताकि मतदाता सत्यापन प्रक्रिया को तेज किया जा सके। उन्होंने कहा कि मृत और शिफ्टेड मतदाताओं का नाम विलोपित करने की प्रक्रिया गैर-चुनावी वर्षों में बीएलओ के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर की जायेगी।

# आज शुरू होगा श्री बंशीधर महोत्सव, तैयारी पूरी, सीएम करेंगे उद्घाटन

**तैयारी को लेकर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बुधवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल गोसाईं बाग मैदान समेत बाबा बंशीधर मंदिर परिसर एवं अस्थायी हेलीपैड का जायजा लिया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे मैदान का जायजा लेने के पश्चात अस्थायी हेलीपैड का निर्माण, मंच का निर्माण, वीवीआईपी एंट्री, अतिथियों के आगमन पर पहुंच पथ की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, आवश्यक साफ-सफाई और साज सज्जा, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल और अस्थायी शौचालय की व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को सक्रिय होकर कार्यक्रम की शेष तैयारियों को निर्धारित समय के अंदर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री के गढ़वा जिला आगमन पर प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान उपायुक्त ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस दो दिवसीय राजकीय महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।

मौके पर उन्होंने ज़िले के तमाम ज़िला स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संयुक्त रूप से कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा के अहम बिंदुओं पर बिस्तार से निर्देशित किया। सूबे के मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री सहित कई मंत्री, सांसद, विधायक आदि कार्यक्रम में पहुंचेंगे। इस दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद, विधि व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया। इस दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विश्वप्रसिद्ध बाबा बंशीधर के मंदिर में राधा कृष्ण की 32 मन शुद्ध सोने की प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना करेंगे। इसे लेकर सभी पदाधिकारी और कर्मी को निर्देशित गया।

## ट्रक ने बाइक सवार को धक्का मारा, तीन घायल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र के लिदीकंडा गांव निवासी एहसान अंसारी (30 वर्ष लगभग), इकबाल अंसारी (26 वर्ष लगभग) और रानी बीबी (25 वर्ष लगभग) को राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर गुलरिया ढोढ़ा के पास गढ़वा की ओर से आ रही एक अज्ञात ट्रक ने धक्का मार दिया, जिससे एक ही घर के उक्त तीनों लोग बुरी तरह से घायल हो गये। ये लोग गढ़वा जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवकों के पैर टूट गया है। रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह पुलिस टीम के साथ तड़के घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को ईलाज के लिए एंबुलेंस से सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। घायलों को अस्पताल भेजनें में पीएलवी राजेश चौधरी ने सराहनीय भूमिका निभायी है।

## शिक्षकों की कमी से जूझ रहा रपुरा का विद्यालय, छात्रों का भविष्य अधर में

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालय रपुरा में शिक्षकों की भारी कमी के कारण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां बाहरी शिक्षक नियुक्ति के लिए आने से कतराते हैं। वर्तमान में विद्यालय में शिक्षकों के कुल छह पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से मात्र एक शिक्षक, उमाकांत तिवारी, ही स्थायी रूप से कार्यरत हैं। वे विद्यालय प्रभारी का दायित्व भी संभाल रहे हैं। शेष पांच शिक्षक सहायक आचार्य (पारा शिक्षक) के रूप में कार्यरत हैं, जिनके सहारे कक्षा एक से दसवीं तक का पठन-पाठन कार्य हो रहा है। शिक्षकों की इस कमी का सबसे अधिक असर माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। विद्यालय की इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय समाजसेवी और विधायक प्रत्याशी देवेंद्र कुमार प्रजापति ने जिला शिक्षक कार्यालय में संबंधित पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की कि उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए कम से कम दो अतिरिक्त शिक्षक शीघ्र नियुक्त किये जायें। विद्यालय प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों ने भी विभाग से मांग की है कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यहां शिक्षकों की संख्या में वृद्धि की जाए।


## `कांडी प्रखंड में पंचायत कमेटी का चुनाव संपन्न



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तीन प्रमुख पंचायतों मझिगावां, हरिहरपुर और डुमरसोता में सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा पंचायत कमेटी के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन चुनावों में सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसहमति से किया गया, जिससे पंचायतों में एकता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा। मझिगावां पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए राजन कुमार रवि, सचिव राम बारत यादव, उपाध्यक्ष शिवनारायण यादव, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र रजवार, संगठन मंत्री राहुल कुमार चौबे और प्रवक्ता कमलेश यादव का चयन हुआ। इसके साथ ही, मीडिया प्रभारी के रूप में मनोज राम का चयन किया गया। हरिहरपुर पंचायत में अध्यक्ष महेंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह और सचिव के रूप में जगदीश प्रसाद गुप्ता का चयन किया गया, जबकि डुमरसोता पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए नीरज सिंह और सचिव पद के लिए टूलु चौधरी को सर्वसहमति से चुना गया। इन तीनों पंचायतों के चुनाव की लिखित सूचना विधायक आनंद प्रताप देव को भेज दी गयी है, जिससे सभी पंचायतों के कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस चुनाव के संपन्न होने से क्षेत्रीय विकास और सामाजिक समरसता की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया गया है।

## युद्ध स्तर पर क्रशर प्लांट की कटिंग और ट्रांसपोर्टिंग जारी

**बिना किसी फलफल पाये ही धरना प्रदर्शन समाप्त होने से नेताओं की पृष्ठभूमि संदेह के घेरे में**



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** विस्थापित संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन स्थगित होते ही एशिया के दूसरे सबसे बड़े क्रेशर प्लांट की युद्ध स्तर पर कटिंग और ट्रांसपोर्टिंग होने से भवनाथपुर के पहले लगने वाला शब्द औद्योगिक नगरी अब इतिहास की पन्नों मे दफन हो जायेगा। प्लांट कटिंग रोकने सहित अन्य मुद्दों पर लड़ी जा रही लड़ाई भी अब बिल्कुल निष्क्रिय हो गयी है। विस्थापित संघर्ष समिति की 55 दिनों तक अनवरत चली धरना प्रदर्शन 15 दिनों के लिए स्थगित हुई थी, किंतु बिना किसी फलफल के संघर्ष विराम की कहानी चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। संघर्ष समिति की नेताओं के साथ जनप्रतिनिधियों के इस मुद्दे पर मुखर न होने से जनमानस के मन में इनके प्रति संदेह उत्पन्न हो रहा है। बताते चलें कि जिस समय प्लांट नीलामी की खबर वायरल हुई थी तब पक्ष विपक्ष ने एक दूसरे पर आरोपों की झड़ी लगा दी थी। प्लांट कटिंग रोकने की लडाई लड़ रहे इंटक त्रिपाठी गुट के नेता सुशील चौबे ने बताया कि राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव के कारण संघर्ष विराम करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोकल लोगों की धरना प्रदर्शन में शामिल नहीं होना भी संघर्ष विराम का मुख्य कारण है। मालूम हो की घाघरा चूना पत्थर और तुलसीदामर स्थित डोलोमाइट माइंस पहले से ही बंद है। क्रेशर प्लांट की कटिंग होने के बाद हो सकता है की सेल प्रबंधन सिक्योरिटी के लिए रखी गयी सीआईएसएफ को हटाकर कभी भी इसे पूरी तरह बंद करने की घोषणा कर दें।

## गढ़वा जिला झामुमो संयोजक मंडल की बैठक संपन्न, शंभु राम बने जिला अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में संगठन को मजबूती देने और सदस्यता अभियान की समीक्षा करने के उद्देश्य से जिला संयोजक मंडली की बैठक मंगलवार को कल्याणपुर स्थित पूर्व मंत्री के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी मुख्य संयोजक तनवीर आलम समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए बैठक में जिला कमिटी के विभिन्न पदों पर नये पदाधिकारियों के नामों का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। नामों की सूची इस प्रकार है। जिला अध्यक्ष शंभु राम, सचिव मो. शरीफ अंसारी, उपाध्यक्ष पदः श्रवण सिंह खरवार को बनाया गया। बैठक में मौजूद सभी वरिष्ठ सदस्यों और संयोजकों ने इन प्रस्तावों को एकमत से स्वीकार किया। अब इन नामों को अनुमोदन के लिए केंद्रीय कार्यालय भेजा जायेगा, जहां केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा इन्हें मनोनीत की चिट्ठी प्रदान की जायेगी। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि संगठन को और अधिक मजबूत और सक्रिय बनाया जाये। सभी नेताओं ने आपसी एकता बनाये रखने और संगठन के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# डंडई : न तो प्रश्नपत्र मिला और न ही उत्तरपुस्तिका ब्लैकबोर्ड से प्रश्न देख परीक्षा दे रहे स्कूलों के बच्चे

**ब्लैकबोर्ड में सवाल लिखते-लिखते मास्टर जी के छूट रहे पसीने**

जितेंद्र यादव




**डंडई (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की पूरी कोशिश की जा रही है, लेकिन इसका जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में सोमवार से कक्षा 1 से 7 तक की योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा से शुरू है। लेकिन यह परीक्षा शिक्षा विभाग की लचर व्यवस्था की पोल खोलती नजर आ रही है। वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा में छात्र-छात्राओं को विभाग के द्वारा प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिका उपलब्ध नहीं कराया गया है। परीक्षा आयोजन को लेकर विभाग की ओर से प्रश्न पत्र को पीडीएफ में भेजा गया है। मजबूरन विद्यालय के शिक्षक ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न पत्र लिखते नजर आ रहे है। छात्र-छात्राएं प्रश्न पत्र कॉपी में उतार कर उसका जवाब दे रहे हैं। वहीं कई विद्यालयों में छात्रों को अपनी घर से कॉपी लाना पड़ रहा है। जामा दो उच्च विद्यालय लवाही कला के प्राचार्य अमिताभ कुमार ने बताया कि हमारे यहां 1 से 7 तक की कक्षा में 574 छात्र-छात्राएं हैं। विद्यार्थियों की अधिक संख्या होने के कारण सभी को प्रश्न पत्र का फोटोकॉपी करा कर देना संभव नहीं है। इसके बाद भी किसी तरह प्रश्न पत्र की व्यवस्था कर परीक्षा ली जा रही है। वहीं शिक्षक प्राण यादव, आलोक कुमार, परमानंद कुमार सहित अन्य शिक्षकों का कहना है कि कम छात्र संख्या वाले स्कूलों के शिक्षक किसी प्रश्न पत्र को प्रिंट करा कर परीक्षा ले रहे हैं, लेकिन जिस विद्यालय में छात्रों की संख्या अधिक है वहां काफी परेशानी हो रही है। एक विषय का प्रश्नपत्र 4 पृष्ठ का होता है। एक पृष्ठ का फोटो कॉपी का मूल्य दो-तीन रुपये है। यदि कक्षा 3 से 5 तक में 100 छात्र नामांकित हैं तो प्रति विषय एक हजार रुपये से लेकर 12 सौ रुपये खर्च होंगे। इन कक्षाओं में चार विषय की परीक्षा ली जानी है।


## जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना हेतु द्वितीय आवेदन आमंत्रण सूचना

मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 148, दिनांक 29.01.2025 के आलोक में खूँटी जिला के जनजातीय समुदाय के सदस्यों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना–प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा **"धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" (Dharti Aaba Janjatiya gram Utkarsh Abhiyan-DAJGUA)**– नई योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारम्भ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रायोजित – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिषरण के माध्यम से बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पणा की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Blocks) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (Dharti Aba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan - DAJGUA)" अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के ही कुछ कम्पोनेंट्स का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही है। इस योजना के तहत् जनजातीय लाभुक जनित योजनाओं जिसमें Community Forest Resoures (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये हैं, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90 प्रतिशत(केन्द्रांश 60: राज्यांश 40) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुकों के चयन की प्रकिया प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही जिला स्तर पर DLC एवं राज्य स्तर पर SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की अधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से खूँटी जिला के 06 प्रखण्डों के कुल 403 गाँवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्हीं गाँवों के जनजातीय लोगों से स्वीकार किया जाएगा। किसी भी कार्य दिवस पर आवेदन पत्र कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 26.03.2025 तक आवेदन वांछित दस्तावेजों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में समर्पित कर सकते हैं। दस्तावेजों की सूची(आवश्यकता अनुसार):–जमीन का अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत/सत्यापित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, आवेदक के साथ जमीन का GPS फोटो, वंशावली, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र इत्यादि।

लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित हैं:–

| क्र० सं० | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू० में) | सरकारी अनुदान की विवरणी(लाख रू० में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 90% सरकारी अनुदान | 10% लाभुक अंशदान |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 2 | नए रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 3 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया एवं स्कैम्पी पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये निर्मित ग्रो–आउट तालाबों में) | | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 5 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति प्रति यूनिट इनपुट सहित) | 0.1 हे० | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 6 | Bivalve पालन (Bivalve Cultivation- Mussels, clams, pearl etc.) | सं0 में | 0.20 | 0.18 | 0.02 |
| 7 | बैक्यार्ड ऑर्नामेंटल फिष रियरिंग यूनिट | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 8 | मीडियम स्केल ऑर्नामेंटल फिष रियरिंग यूनिट | | 8.00 | 7.20 | 0.80 |
| 9 | मीडियम आकार वाले 06 टैंक आर०ए०एस०(RAS) की स्थापना (न्यूनतम 30मी³ प्रति टैंक क्षमता एवं 10 टन प्रति कॉप उत्पादन क्षमता) | | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 10 | 4 मी० व्यास एवं 1.5 मी० ऊँचाई वाले बायोफ्लॉक 25 टैंक की स्थापना (कुल क्षमता लगभग 360मी०³) | | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 11 | छोटे आकार वाले 1 आर०ए०एस०(RAS) का अधिष्ठापन (न्यूनतम 100मी³ टैंक क्षमता) | | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 12 | 4 मी० व्यास एवं 1.5 मी० ऊँचाई वाले बायोफ्लॉक 7 टैंक की स्थापना | | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 13 | बैक्यार्ड मिनी आर०ए०एस०(RAS) का अधिष्ठापन | | 0.50 | 0.45 | 0.05 |
| 14 | जलाषयों में केजों का अधिष्ठापन | | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 15 | खुले जलक्षेत्र (Open Water Bodies) में पेन कल्चर का अधिष्ठापन | हे० में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 16 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह/आईस प्लॉन्ट का निर्माण | सं0 में | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 17 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन (6–10 मी०टन क्षमता) | | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 18 | इन्सुलेटेड वाहन (6–10 मी०टन क्षमता) | | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 19 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल (मत्स्य विपणन हेतु) | | 0.75 | 0.67 | 0.075 |
| 20 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल (मत्स्य विपणन हेतु) | | 0.10 | 0.09 | 0.01 |
| 21 | आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन(मत्स्य विपणन हेतु) | | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 22 | लाईव फिष वेंडिंग सेंटर | | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 23 | मिनी फिष फीड मिल(2 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 24 | फिष कियोस्क का निर्माण (ऑर्नामेंटल/रंगीन मछली/अक्वेरियम सहित) | | 10.00 | 9.00 | 1.00 |
| 25 | Traditional Fishermen के लिए नाव (replacement) एवं जाल | | 5.00 | 4.50 | 0.50 |

खूँटी जिला के चिन्हित गाँवों की सूची निम्नलिखित है जहाँ से **अनुसूचित जनजाति** के सदस्यों से आवेदन आमंत्रित है:–

| जिला– खूँटी | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम |
| 1 | KARRA | BAKASPUR | Barka Regre |
| 2 | | BAKASPUR | Bakaspur |
| 3 | | BAKASPUR | Lappa |
| 4 | | BAKASPUR | Chhotka Regre |
| 5 | | BAKASPUR | Gari |
| 6 | | URIKEL | Jojodag |
| 7 | | URIKEL | Chanpi |
| 8 | | URIKEL | Urikel |
| 9 | | JARIA | Timra |
| 10 | | URIKEL | Bhusur |
| 11 | KARRA | LIMRA | Samundar |
| 12 | | LIMRA | Gumru |
| 13 | | LIMRA | Dumari |
| 14 | | SUNGI | Bala |
| 15 | | SUNGI | Sungi |
| 16 | | LARTA | Kanti |
| 17 | | LARTA | Larta |
| 18 | | LIMRA | Limra |
| 19 | | DAHKELA | Dehkela |
| 20 | | URIKEL | Jamhar |
| 21 | | GOVINDPUR | Gusa Toli |
| 22 | | GOVINDPUR | Rehargara |
| 23 | | GOVINDPUR | Jalanga |
| 24 | | DAHKELA | Barwadag |
| 25 | | SUNGI | Jabra |
| 26 | | JURDAG | Jurdag |
| 27 | | JURDAG | Tungaon |
| 28 | | JURDAG | Jaltanda |
| 29 | | JURDAG | Pargaon |
| 30 | | SUNGI | Jane |
| 31 | KARRA | LARTA | Madhugama |
| 32 | | BAMARJA | Diuri |
| 33 | | DAHKELA | Tilmi |
| 34 | | DAHKELA | Masko |
| 35 | | BAMARJA | Bamarja |
| 36 | | BAMARJA | Timra |
| 37 | | KARRA | Loyongkel |
| 38 | | KARRA | Kosambi |
| 39 | | KUDLUM | Erahatu |
| 40 | | KUDLUM | Sonmer |
| 41 | | KUDLUM | Dhanamunji |
| 42 | | KUDLUM | Kudlum |
| 43 | | KUDLUM | Kalamuchia |
| 44 | | KARRA | Masmano |
| 45 | | KARRA | Hansbera |
| 46 | | KARRA | Kudda |
| 47 | | BAMARJA | Kasira |
| 48 | | BAMARJA | Pahar Toli |
| 49 | KARRA | DUMARGADI | Taski |
| 50 | | DUMARGADI | Birda |
| 51 | | BAMARJA | Sangor |
| 52 | | KARRA | Garke |
| 53 | | MEHA | Meha |
| 54 | | MEHA | Malgo |
| 55 | KARRA | KUDLUM | Chaldanu |
| 56 | | GHUNSULI | Ghunsuli |
| 57 | | GHUNSULI | Dadi |
| 58 | | GHUNSULI | Chanpi |
| 59 | | GHUNSULI | Sirka |
| 60 | | KACCHABARI | Chiur |
| 61 | | KACCHABARI | Bingaon |
| 62 | | MEHA | Rolagutu |
| 63 | | DUMARGADI | Sahilong |
| 64 | | DUMARGADI | Gungunian |
| 65 | | DUMARGADI | Manpur |
| 66 | | DUMARGADI | Dumargari |
| 67 | | CHAATA | Sawra |
| 68 | | CHAATA | Chhata |
| 69 | | CHAATA | Kurse |
| 70 | | HAKAJANG | Sarwadag |
| 71 | KARRA | KACCHABARI | Kachabari |
| 72 | | KACCHABARI | Chandapara |
| 73 | | LODHMA | Murhu |
| 74 | | LODHMA | Kulhutu |
| 75 | | HAKAJANG | Hakajang |
| 76 | | LODHMA | Lohagara |
| 77 | | HAKAJANG | Padampur |
| 78 | | HAKAJANG | Ronhi |
| 79 | | HAKAJANG | Jiputoli |
| 80 | | JARIA | Nagra |
| 81 | | JARIA | Muruchkel |
| 82 | | JARIA | Hochor |
| 83 | | URIKEL | Ethe |
| 84 | | URIKEL | Bikuadag |
| 85 | | URIKEL | Nidhia |
| 86 | | URIKEL | Mitkora |
| 87 | | URIKEL | Gara Toli |
| 88 | | LIMRA | Deswali |
| 89 | | LIMRA | Chanho |
| 90 | KARRA | LIMRA | Chiddi |
| 91 | | URIKEL | Kasira |
| 92 | | LIMRA | Hutub |
| 93 | | JARIA | Churle |
| 94 | | JARIA | Jariya |
| 95 | | LIMRA | Soteya |
| 96 | | LIMRA | Tirla |
| 97 | | LIMRA | Katsimla |
| 98 | | SUNGI | Palsa |
| 99 | KARRA | LARTA | Suari |
| 100 | | DAHKELA | Runju |
| 101 | | URIKEL | Kurid |
| 102 | | JARIA | Nauringa |
| 103 | | GOVINDPUR | Gobindpur |
| 104 | | DAHKELA | Kotlo |
| 105 | | DAHKELA | Jorko |
| 106 | | LARTA | Jaltanra |
| 107 | | LARTA | Burka |
| 108 | | LARTA | Merle |
| 109 | | LARTA | Chorpinda |
| 110 | | SUNGI | Tikki |
| 111 | | SUNGI | Asanmanri |
| 112 | | JURDAG | Amjora |
| 113 | KARRA | JURDAG | Ganaloya |
| 114 | | JURDAG | Tuiu |
| 115 | | JURDAG | Bichagara |
| 116 | | KARRA | Kasira |
| 117 | | SUNGI | Ludru |
| 118 | | SUNGI | Pora |
| 119 | | DAHKELA | Sarlo |
| 120 | | BAMARJA | Siankel |
| 121 | | BAMARJA | Dumari |
| 122 | | KARRA | Karra |
| 123 | | KUDLUM | Chorwadag |
| 124 | | KUDLUM | Haruhapa |
| 125 | | KUDLUM | Ethe Toli |
| 126 | | KARRA | Urikel Chhotka |
| 127 | | BAMARJA | Sardulla |
| 128 | | BAMARJA | Baragain |
| 129 | | BAMARJA | Palsa |
| 130 | | DUMARGADI | Burhiroma |
| 131 | | DUMARGADI | Jhapra |
| 132 | | DUMARGADI | Hisri |
| 133 | | DUMARGADI | Silma |
| 134 | KARRA | DUMARGADI | Duphu |
| 135 | | MEHA | Lota |
| 136 | | MEHA | Kone |
| 137 | | KUDLUM | Digadon |
| 138 | | GHUNSULI | Ghasibari |
| 139 | | GHUNSULI | Guni |
| 140 | | KACCHABARI | Tumna |
| 141 | | KACCHABARI | Hesla |
| 142 | | KACCHABARI | Bandu |
| 143 | KARRA | KACCHABARI | Patra Toli |
| 144 | | MEHA | Ronhe |
| 145 | | MEHA | Tapingsara |
| 146 | | MEHA | Tunel |
| 147 | | CHAATA | Setahuru |
| 148 | | CHAATA | Korkotakadal |
| 149 | | CHAATA | Belsiring |
| 150 | | CHAATA | Galiondar |
| 151 | | CHAATA | Pandra |
| 152 | | HAKAJANG | Barango |
| 153 | | CHAATA | Goso |
| 154 | | KACCHABARI | Barigara |
| 155 | | KACCHABARI | Darangkel |
| 156 | | LODHMA | Katamkuku |
| 157 | KARRA | LODHMA | Changa Toli |
| 158 | | LODHMA | Lodhma |
| 159 | | LODHMA | Tiga |
| 160 | | HAKAJANG | Guyu |
| 161 | | HAKAJANG | Jariya |
| 162 | | HAKAJANG | Galalong |
| 163 | | LODHMA | Kansili |
| 164 | | HAKAJANG | Silapat |
| 165 | | HAKAJANG | Hardigara |
| 166 | | HAKAJANG | Bankuli |
| 167 | | HAKAJANG | Mutpa |
| 168 | | HAKAJANG | Ata |
| 169 | | CHAATA | Kedu |
| 170 | TORPA | OKRA | Okra |
| 171 | | OKRA | Pandra |
| 172 | | OKRA | Japud |
| 173 | | OKRA | Angarabari |
| 174 | | DORMA | Dorma |
| 175 | | BARKULI | Kudari |
| 176 | | BARKULI | Raisimla |
| 177 | | BARKULI | Jari |
| 178 | | BARKULI | Jagu |
| 179 | | BARKULI | Manmani |
| 180 | | BARKULI | Kasmar |
| 181 | | BARKULI | Barkuli |
| 182 | | DIYANKEL | Manhatu |
| 183 | TORPA | DORMA | Chandarpur |
| 184 | | SUNDARI | Sundari |
| 185 | | JARIA | Sonpurgarh |
| 186 | | JARIA | Jariya |
| 187 | TORPA | JARIA | Patpur |
| 188 | | HUSIR | Husir |
| 189 | | JARIA | Tirla |
| 190 | | SUNDARI | Kokeya |
| 191 | | DIYANKEL | Paira |
| 192 | | HUSIR | Gopla |
| 193 | | DIYANKEL | Patrauyur |
| 194 | | DIYANKEL | Diyankel |
| 195 | | KAMRA | Digri |
| 196 | | BARKULI | Jhatnitola |
| 197 | | UKRIMARI | Tati |
| 198 | | UKRIMARI | Ukrimanri |
| 199 | | UKRIMARI | Icha |
| 200 | | AMMA | Kulda |
| 201 | | URIKELA | Ulihatu |
| 202 | TORPA | URIKELA | Nichitpur |
| 203 | | KAMRA | Birta |
| 204 | | KAMRA | Kamra |
| 205 | | HUSIR | Ronhe |
| 206 | | HUSIR | Latauli |
| 207 | | FATKA | Phatka |
| 208 | | FATKA | Derang |
| 209 | | FATKA | Kalet |
| 210 | | FATKA | Gutuhatu |
| 211 | | TAPKARA | Kocha |
| 212 | | URIKELA | Urikel |
| 213 | | AMMA | Kanakloiya |
| 214 | | AMMA | Amma |
| 215 | | AMMA | Satal |
| 216 | | MARCHA | Karra |
| 217 | TORPA | MARCHA | Banabira |
| 218 | | MARCHA | Marcha |
| 219 | | MARCHA | Turigara |
| 220 | | FATKA | Lohajimi |
| 221 | RANIA | BANAI | Dembukel |
| 222 | | BANAI | Koynara |
| 223 | | KHATANGA | Digri |
| 224 | | BANAI | Manhatu |
| 225 | | BANAI | Doengar |
| 226 | | BANAI | Itam |
| 227 | | BANAI | Banai |
| 228 | | KHATANGA | Korakel |
| 229 | | JAIPUR | Japut |
| 230 | | JAIPUR | Garhsidam |
| 231 | RANIA | JAIPUR | Jaipur |
| 232 | | JAIPUR | Balankel |
| 233 | | KHATANGA | Khatanga |
| 234 | | KHATANGA | Kulhai |
| 235 | | KHATANGA | Token |
| 236 | | DAHU | Kotanger |
| 237 | | DAHU | Loa |
| 238 | | DAHU | Dahu |
| 239 | | TAMBA | Raniya |
| 240 | | TAMBA | Sarbo |
| 241 | | TAMBA | Harasuku |
| 242 | | TAMBA | Tamba |
| 243 | RANIA | SODE | Beghiya |
| 244 | | SODE | Tutikel |
| 245 | | KHATKHURA | Karakel |
| 246 | | KHATKHURA | Chalgida |
| 247 | | KHATKHURA | Belkidura |
| 248 | | KHATKHURA | Khatkhura |
| 249 | | KHATKHURA | Kainbanki |
| 250 | MURHU | INDIPIRI | Gaigai |
| 251 | | INDIPIRI | Indipiri |
| 252 | | INDIPIRI | Sarigaon |
| 253 | | INDIPIRI | Gumpuru |
| 254 | | BINDA | Binda |
| 255 | | BINDA | Sidu |
| 256 | | KEWDA | Kewra |
| 257 | | HETHGOA | Gutigara |
| 258 | | HETHGOA | Buruma |
| 259 | | GODATOLI | Selda |
| 260 | | GODATOLI | Maliada |
| 261 | | KORAKEL | Bande |
| 262 | | MURHU | Durri |
| 263 | | GODATOLI | Goratoli |
| 264 | | GODATOLI | Surunda |
| 265 | | HETHGOA | Hethgowa |
| 266 | | HETHGOA | Chichigara |
| 267 | | HETHGOA | Sirka |
| 268 | | KURAPURTI | Jilingkel |
| 269 | MURHU | KURAPURTI | Kudapurti |
| 270 | | GUTUHATU | Bari |
| 271 | | KURAPURTI | Kitahatu |
| 272 | | KUDA | Kudda |
| 273 | | KUDA | Jiuri |
| 274 | | KUDA | Kotna |
| 275 | MURHU | KUDA | Otongora |
| 276 | | KUDA | Balanga |
| 277 | | KUDA | Burju |
| 278 | | KUNJLA | Kundibartoli |
| 279 | | DIGRI | Digri |
| 280 | | DIGRI | Salga |
| 281 | | GUTUHATU | Gutuhatu |
| 282 | | GUTUHATU | Salehatu |
| 283 | | BICHNA | Pandu |
| 284 | | KUNJLA | Kunjla |
| 285 | | KUNJLA | Ithe |
| 286 | | KUNJLA | Charid |
| 287 | | HANSA | Hassa |
| 288 | | HANSA | Gajgaon |
| 289 | | HANSA | Perka |
| 290 | MURHU | BICHNA | Bichna |
| 291 | | GANALOYA | Biramkel |
| 292 | | GANALOYA | Gangira |
| 293 | | GANALOYA | Oskeya |
| 294 | | GANALOYA | Balo |
| 295 | | KORAKEL | Bamhani |
| 296 | | BINDA | Konowa |
| 297 | | BINDA | Bundu Mamail |
| 298 | | RUMUTKEL | Rumutkel |
| 299 | | RUMUTKEL | Gulu |
| 300 | | RUMUTKEL | Koyangsar |
| 301 | | RUMUTKEL | Kumhardih |
| 302 | KHUNTI | BARUDIH | Poseya |
| 303 | | BARUDIH | Chalam |
| 304 | | BARUDIH | Chalmbartoli |
| 305 | | BARUDIH | Anigara |
| 306 | | BARUDIH | Barudih |
| 307 | | BARUDIH | Dargama |
| 308 | | TIRLA | Simbhukel |
| 309 | | TIRLA | Budhudih |
| 310 | | TIRLA | Tirla |
| 311 | | TIRLA | Torangkel |
| 312 | | BHANDRA | Dokar |
| 313 | | BHANDRA | Hesahatu |
| 314 | | BHANDRA | Bhanrra |
| 315 | | BHANDRA | Jilinga |
| 316 | | BHANDRA | Jamri |
| 317 | | BHANDRA | Poseya |
| 318 | | BHANDRA | Barbanda |
| 319 | KHUNTI | MARANGHADA | Gadigaon |
| 320 | | LANDUP | Patratoli |
| 321 | | MARANGHADA | Bhut |
| 322 | | TIRLA | Saridkel |
| 323 | | MARANGHADA | Maranghada |
| 324 | | LANDUP | Jojohatu |
| 325 | | LANDUP | Chandor |
| 326 | | LANDUP | Landup |
| 327 | | LANDUP | Bichagutu |
| 328 | | LANDUP | Buruhatu |
| 329 | | LANDUP | Bandih |
| 330 | | LANDUP | Sirum |
| 331 | | DADIGUTU | Garamara |
| 332 | KHUNTI | TILMA | Karora |
| 333 | | TILMA | Hakaduba |
| 334 | | DADIGUTU | Darigutu |
| 335 | | TILMA | Tilma |
| 336 | | TILMA | Tarub |
| 337 | | TILMA | Kujram |
| 338 | | TILMA | Sandasom |
| 339 | | SILADON | Irud |
| 340 | | MURHI | Hatudami |
| 341 | | FUDI | Nehaldih |
| 342 | | FUDI | Argori |
| 343 | | FUDI | Kalamati |
| 344 | | FUDI | Dungra |
| 345 | | FUDI | Dandaul |
| 346 | | FUDI | Silda |
| 347 | | FUDI | Phuddi |
| 348 | | MURHI | Murhi |
| 349 | KHUNTI | GUTJORA | Dugdugiya |
| 350 | | GUTJORA | Chalangi |
| 351 | | GUTJORA | Kanadih |
| 352 | | GUTJORA | Jiarapa |
| 353 | | GUTJORA | Ghaghra |
| 354 | | BIRHU | Siladon |
| 355 | | BIRHU | Dumardaga |
| 356 | | BIRHU | Manhu |
| 357 | | GUTJORA | Hutar |
| 358 | ARKI | TODANG | Badani |
| 359 | | BOHANDA | Bohonda |
| 360 | | BOHANDA | Sake |
| 361 | | KOCHANG | Kochang |
| 362 | | KOCHANG | Sinjuri |
| 363 | ARKI | TIRLA | Tubil |
| 364 | | MADHATU | Chalkad |
| 365 | | MADHATU | Madhatu |
| 366 | | MADHATU | Katui |
| 367 | | BOHANDA | Kurunga |
| 368 | | BIRBANKI | Birbanki |
| 369 | | BIRBANKI | Ghaghra |
| 370 | | TODANG | Sinjani |
| 371 | | TODANG | Todang |
| 372 | | BIRBANKI | Chuklu |
| 373 | | TINTILA | Bagri |
| 374 | | TIRLA | Hadlama |
| 375 | | KOCHANG | Kuria Katola Tobag |
| 376 | | TIRLA | Tirla |
| 377 | | TINTILA | Dolda |
| 378 | | TINTILA | Tintila |
| 379 | | TINTILA | Koa |
| 380 | | BADINIJKEL | Marangburu |
| 381 | ARKI | BADINIJKEL | Barinijkel |
| 382 | | BADINIJKEL | Ulihatu |
| 383 | | TODANG | Lebed |
| 384 | | TODANG | Korwa |
| 385 | | PURNANAGAR | Doriya |
| 386 | | SINDRI | Sirkadih |
| 387 | | SINDRI | Bandu |
| 388 | | SINDRI | Tetebandu |
| 389 | | PURNANAGAR | Gitilbera 1 |
| 390 | | SOSOKUTI | Sonpur |
| 391 | | SOSOKUTI | Jaranga |
| 392 | | HUNTH | Rumchu |
| 393 | | HUNTH | Hunth |
| 394 | ARKI | HUNTH | Baruhatu |
| 395 | | HUNTH | Serenghatu |
| 396 | | SOSOKUTI | Sosokuti |
| 397 | | SOSOKUTI | Masanga |
| 398 | | UPAR BALALONG | Heth Balalong |
| 399 | | UPAR BALALONG | Sigid |
| 400 | | SARGEYA | Sargeya |
| 401 | | SARGEYA | Kota |
| 402 | | SARGEYA | Maipa |
| 403 | | SARGEYA | Barigara |

PR 348628 (Fish) 24-25 (D)

जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी।

## विद्युत विभाग ने बिजली चोरी का मामला दर्ज कराकर 51 हजार से अधिक का जुर्माना लगाया

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के राय में विद्युत विभाग ने बिजली चोरी करने के आरोप में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जुमार्ना लगाया है। जानकारी के अनुसार झारखंड बिजली वितरण लिमिटेड रांची कार्यलय के आदेशनुसार छापामारी अभियान चलाकर विधुत चोरी कर रहे दो लोगों अवैध रूप से टोह करने और अतिरिक्त विद्युत की चोरी को लेकर पकड़ा और जुमार्ना लगाया। दोनों के खिलाफ विभाग के द्वारा खलारी थाना में मामला दर्ज करते हुए कुल 51840 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इस अभियान में विद्युत सहायक अभियंता प्रेम दास, संवेदक कर्मी शाहबाज आलम, अर्जुन महतो, जियाउल अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## नुगा बेस्ट थर्मो थेरेपी के संस्थान का उद्घाटन आज

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड के केडी मार्केट हिंदू गढ़ी चौक में साउथ कोरिया की नुगा बेस्ट थर्मो थेरेपी के संस्थान की उद्घाटन बुधवार सुबह 11 बजे किया जायेगा। जिसका उद्घाटन खलारी पश्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी करेंगी। उक्त संबंध की जानकारी श्री साईं हेल्थ केयर के संस्थापक अजीत कुमार सिंह और राधा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नूगा बेस्ट थेरेपी के उद्घाटन की तुरंत बाद सभी लोगों के लिए समय सारणी अनुसार नुगा बेस्ट थर्मो थेरेपी के संस्थान स्थाई रूप से फ्री सेवा के लिए खोल दिया जायेगा। जिसका लाभ खलारी क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों के लोग ले सकते हैं।

## निगरानी के लिए खूंटी जेल में अतिरिक्त वॉच टावर निर्माण करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने की। बैठक में उपायुक्त ने कारा की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जेल सुरक्षा को मजबूत बनाने, कैदियों की निगरानी के लिए अतिरिक्त वॉच टावर निर्माण करने और जेल परिसर में अनुशासन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही सुरक्षा उपकरणों जैसे सीसी टीवी की स्थिति का आकलन करते हुए उनकी समय पर मरम्मत और अद्यतन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कारा में कैदियों के लिए ससमय हेल्थ चेकअप कैंप, एंबुलेंस की व्यवस्था, स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों का आयोजन समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जेल अधीक्षक, डीएसपी, एसडीपीओ और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## सरहुल शोभायात्रा को लेकर कमेटी का हुआ गठन



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** सरहुल शोभायात्रा को लेकर हुटाप पंचायत भवन में बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से एक अप्रैल को सरहुल शोभायात्रा को लेकर एक कमिटि का गठन किया गया। अध्यक्ष नीरज उरांव, उपाध्यक्ष राजेंद्र गझू, सचिव सुशील उरांव, सहसचिव गोविंद भोगता, कोषाध्यक्ष राहुल गंझू, उपकोषाध्यक्ष धनेश उरांव और साथ ही सभी गांव से अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव किया गया। जिसमे करकट्टा बस्ती से किशन मुंडा, पंकज मुंडा, सरना टोली सत्येंद्र भगत, बॉबी मुंडा, बेहरा टांड़ बबलू गंझू , सोनू उरांव डेम धौड़ा टेना उरांव, संदीप उरांव न्यू शांतिनगर सुशील उरांव, राहुल उरांव बड़कीटांड़ सुजीत भोगता, मंदीप मुंडा हुटाप बस्ती अरविंद मुंडा, महेश तुरी मायापुर प्रेम गंझू, राजेश गंझू मोना टोला-गणेश मुंडा, विजय गंझू गंझू टोला श्रवण गंझू, विकाश गंझू कृत धौड़ा पवन उरांव, गोविंद मुंडा को बनाया गया है।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में खनन और परिवहन विभाग के कार्यों की समीक्षा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गत एक माह के दौरान खनिज पदार्थों के अवैद्य खनन एवं परिवहन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गयी, कार्रवाई की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि खनिजों के अवैद्य खनन स्थलों को चिह्नित कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समंवय बनाकर अवैद्य खनन और परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी, एमवीआइ, सीओ और थाना प्रभारी को आपस में समंवय स्थापित कर कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष छापामारी अभियान चलाया जाये। साथ हीं अवैद्य खनन एवं परिवहन के मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई करें। बैठक में उपायुक्त ने ससमय स्टॉक यार्ड निरीक्षण का भी निर्देश दिया। स्टॉक यार्ड द्वारा यदि किसी भी प्रकार की गड़बाड़ी की शिकायत प्राप्त होने पर जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके अलावा राजस्व संग्रहण को लेकर भी उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआइ खूंटी, एनडीसी सहित अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## मैट्रिक्स फिटनेस क्लब जिम का उद्घाटन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ठाकुर महतो चौक स्थित शॉपिंग मॉल में मैट्रिक्स फिटनेस क्लब जिम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और विशिष्ट अतिथि के रूप में बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी मौजूद थी। मैट्रिक्स फिटनेस क्लब जिम के संचालक के द्वारा अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बेहतर और स्वस्थ शरीर के लिए वर्तमान में सभी को जिम योगा करने की जरूरत है। इस मौके पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, मुखिया रीना देवी, व्यावसायिक संघ बचरा के सचिव रविंद्र कुमार सिंह, प्रेम कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## रामनवमी को लेकर खूंटी में हुआ अखाड़ा पूजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर खूंटी के सभी अखाड़ों का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। अस्त्र-शस्त्र की पूजी की गयी और आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। केंद्रीय रामनवमी महासमिति के महामंत्री जितेंद्र कश्यप बजरंग मंडली कर्रा रोड खूंटी में अखाड़ा उद्घाटन में शामिल हुए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पूरे हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया जायेगा। उन्होंने सभी मंडलियों से समिति का चुनाव का पंजीकरण कराने निर्देश दिया।

# भूमि संरक्षण विभाग से 50 से अधिक महत्वपूर्ण फाइल की चोरी, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी स्थित कृषि भवन में संचालित भूमि संरक्षण विभाग के कार्यालय से सोमवार की देर रात महत्वपूर्ण कागजात की चोरी हो गयी। इस संबंध में भूमि संरक्षण पदाधिकारी लौकेश कुमार द्वारा खूंटी थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कार्यालय की खिड़की की रड को मोड कर चोरों ने जगह बनाई और कार्यालय में प्रवेश कर कई महत्वपूर्ण फाइल लेकर चलते बने। मंगलवार को सुबह बड़ा बाबू सतीश टोपनो कार्यालय पहुंचे, तो पाया कि तालाब निर्माण से संबंधित 50 से अधिक फाइल गायब हैं। भूमि संरक्षण विभाग से महत्वपूर्ण फाइलों के गायब होने के संबंध में लोग आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं अखिर आम आदमी को फाइलों की चोरी से क्या मिलेगा। इसमें उन्हीं लोगों का हाथ हो सकता है, जो वहां की योजनाओं से जुड़े हैं।



खिड़की की राड को मोड़ कर चोरों ने अंदर प्रवेश किया।

# आम बागवानी और इंटर क्रॉपिंग से लोगों को अपने ही खेत में सालों भर मिलेगा रोजगार: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा और बीपीओ मोनल कुमार ने मंगलवार को तोरपा प्रखंड के गुफू, कुमांग और कोचा गांवों में कृषि और बागवानी के क्षेत्र में हो रहे कार्यों को देखा और कार्यों की प्रशंसा की। बीडीओ ने कहा कि तोरपा प्रखंड के 20 गांवों में इस मॉडल को अपनाया जायेगा। इस तरह का मॉडल पालयन रोकने में मददगार साबित होगा। आम बागवानी और उसमें इंटर क्रॉपिंग कर लोगों को अपने ही खेत में सालों भर रोजगार मिलेगा। गुफू और कुमांग गांव में उन्होंने आम बागवानी, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और इंटरक्रॉपिंग तकनीकों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने इस कार्य से गांवों और परिवारों में आए बदलाव की जानकारी गांव वालों से ली। कोचा गांव में बीडीओ और बीपीओ ने समुदाय के साथ संवाद किया और क्लाइमेट-स्मार्ट विलेज पहल के तहत चल रहे कार्यों को समझा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने मशीनों और प्रोसेसिंग तकनीकों के बारे भी बताया। बीडीओ ने ग्रामीणों के साथ सोलर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली पर भी चर्चा की, जो अगले खरीफ सीजन में पूरे गांव की कृषि में क्रांतिकारी बदलाव लायेगी। बीडीओ ने भ्रमण के पश्चात इस मॉडल को 20 और गांवों में विस्तारित करने की बात कही, ताकि सतत विकास और ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिले। मौके पर प्रदान के अभिषेक, रवि रंजन, सुरभि आदि उपस्थित थे।

## जिला निर्वाची पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने और निर्वाचन से संबंधित अनसुलझे मुद्दों पर सुझाव प्राप्त करने को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने सभी दलों का आह्वान किया कि वे लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक निबंधन नियम 1960, एवं चुनाव संचालन नियम 1961 के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करें और किसी भी प्रकार की समस्या या सुझाव जिला निर्वाचन कार्यालय को लिखित रूप में उपलब्ध करायें। सभी प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं को आयोग को भेजने की बात उपायुक्त ने कही।

## न्यू मंगरदाहा मस्जिद में नमाजे तरावीह का समापन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू मंगरदाहा मस्जिद में रमजान के महीने पर चल रहे नमाजे तरावीह का समापन किया गया। जानकारी के अनुसार हजारीबाग के बड़कागांव से आये हुए हाफिज अदनान के द्वारा मुकम्मल नमाजे तरावीह पढ़ाई गयी। नमाजे तरावीह के मुकंमल होने के बाद न्यु मंगरदाहा अंजुमन कमेटी के द्वारा हाफिज अदनान को अंग वस्त्र और नजराना देकर विदा किया गया। इधर नमाजे तरावीह के समापन पर न्यु मंगरदाहा मस्जिद में मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया, जिसमे रमजान महीने के महत्व एवं नमाजे तरावीह की विशेषता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अंजुमन कमेटी के सरपरस्त और मजदूर नेता इस्लाम अंसारी, अब्दुल कादिर, डॉक्टर अहमद, दिलदार हुसैन सहित अंशुमन के लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के बचरा निवासी रविंद्र सिंह को बनाया गया सांसद प्रतिनिधि



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ निवासी सह व्यवसायिक संघ बचरा के सचिव रविन्द्र कुमार सिंह को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चतरा जिला के अंतर्गत आने पंचायत का सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी गयी है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने चतरा उपायुक्त को पत्र जारी कर उक्त आशय की जानकारी दी है। ज्ञात हो कि बचरा बाजारटांड़ निवासी रविंद्र कुमार सिंह बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी के पति और व्यवसायिक संघ बचरा के सचिव है। इधर रविंद्र कुमार सिंह को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोगो ने उन्हें बधाई दी है।

## आश्रम भवन के लिए एरेंडा में भूमि पूजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** महर्षि मेंही आश्रम भागलपुर के संत स्वामी डॉ निर्मलानंदजी महाराज और स्वामी लक्ष्मणजी महाराज की उपस्थिति में महर्षि में ही सेवा संस्थान के आश्रम भवन निर्माण के लिए मंगलवार को खूंटी के एरेंडा में भूमि पूजन किया गया। भूमि अधिवक्ता अरुण भगत ने दान स्वरूप दी है। कार्यक्रम में स्वामी डॉ निर्मलानंदजी महाराज ने कहा कि जीवन में तनाव भगाने, सुख-खुशी की भक्ति भजन सत्संग ध्यान से ही मिल सकती है। इसी उद्देश्य से सत्संग आश्रम का निर्माण किया जा रहा है। सत्संग में हम अपने जीवन की सभी समस्याओं का हल पाते हैं। आपसी प्रेम भाईचारा बढ़ता है, संस्कार जागृत होता है। यह लोक और परलोक दोनों संवारता है। कार्यक्रम में अरुण भगत, आशुतोष भगत, डॉ डीएन तिवारी, राजकुमार गुप्ता, प्रियांक भगत, संजय कुमार, अखिलेश बाबा, सोमनाथ ब्रह्मचारी, राम हरि साव, सूरज लाल, सुबोध कुमार, सूरजमल प्रसाद, मदन मोहन गुप्ता, जितेंद्र कश्यप आदि उपस्थित थे।

## दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रंबल स्ट्रिप और साइनेज बोर्ड लगायें: लोकेश मिश्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रंबल स्ट्रिप एवं साइनेज बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जाये। उपायुक्त ने कहा कि सड़क पर यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाये। हिट एंड रन जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। साथ हीं पीड़ित परिवारों को निर्धारित समय पर मुआवजा भुगतान किया जाये। झारखंड सरकार के गुड सेमेरीटन पॉलिसी के विषय पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मदद करने वाले व्यक्ति को उक्त योजना के तहत पुरस्कृत करने का भी निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाये, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। तेज गति से वाहन न चलाएं, नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं, और सड़क पर सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा आपके हाथ में है। इसलिए जिम्मेदारी से वाहन चलाएं और जिला प्रशासन को सहयोग करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** महिला से अवैध संबंध बनाकर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी मनोज कुमार मंडल को अड़की थाना की पुलिस ने मंगलवार को अड़की थाना क्षेत्र के सिंदरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से बिहार के लखीसराय जिले के संसारपोखर निवासी हरि मंडल का बेटा है। मनोज कुमार मंडल के खिलाफ पीड़िता ने आठ मार्च को अड़की थाने में मामला दर्ज कराया था। आरोपित को गिरफ्तार बरने वाली टीम में खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक किशुन दास, अड़की के थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी, पुलिस अवर निरीक्षक रौशन खाखा, पुलिस अवर निरीक्षक कुदंन कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## कारो गांव से पिकअप वैन की हुई चोरी

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो गांव से बीती रात एक पिकअप वाहन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी सूरज कुमार ने बताया कि रोज की तरह वह अपने पिकअप वाहन जिसका नंबर जेएच01 एफएन- 7232 को घर के बाहर खड़ा किया था, इसके बाद सूरज कुमार के द्वारा पिपरवार थाना को इसकी सूचना दी गयी। वहीं सूचना मिलते ही पिपरवार पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## तमाड़ में 28 मार्च को मनेगा सरहुल महोत्सव



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ राज बाड़ी प्रांगण में कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव की आध्यक्षता में सरहुल महोत्सव 28 मार्च को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार को सरहुल पुष्प वितरण, प्रसाद वितरण और शाम 2 बजे से नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख रूप से देवनंदन सिंह मुंडा, सोनाराम मुंडा, हीरा मुंडा, सुखदेव मुंडा, जीत सिंह मुंडा, आमर पुरान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ अखंड रामचरित मानस पाठ कथा महायज्ञ शुरू



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के पुंडीदिरी गांव में जगत की कल्याण के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैकड़ो महिलाओ के द्वारा करकरी नदी से कलश में पवित्र जल लेकर भगवान का नाम लेते हुए पुरे गांव भ्रमण कर कर्यक्रम स्थल मां दिउड़ी मंदिर प्रांगण पहुंचे। तीन दिवसीय अखंड रामचरित मानस पाठ महायज्ञ प्रारम्भ हों गया। मंगलवार सुबह से शुक्रवार सुबह तक अखंड रामचरित मानस पाठ कथा, आरती और भजन कृतन नामी गिरामी मानस मंडलीयों के द्वारा सुनाया जायेगा। इस महायज्ञ को सफल बनाने मे मां दिउड़ी सतसंग आश्रम, ठाकुर मुहल्ला और पुंडीदिरी ग्रामवासियो का महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है।

## अनुमंडल बार एसोसिएशन का चुनाव 27 मार्च को

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चांडिल अनुमंडल बार एसोशिएशन का सामान्य सभा की बैठक बार भवन में मंगलवार को चुनाव समिति के सदस्य सांताराम हेम्ब्रम की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में एसोशियन के सभी सदस्य उपस्थित हुए। वही चुनाव समिति के सदस्य सांताराम हेम्ब्रम ने बताया कि बार एसोशियन की चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव,सह सचिव,कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य के पद पर चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रकिया में फॉर्म लेने की तिथि 19 से 21 मार्च तक है। नाम वापसी 24 मार्च, चुनाव प्रचार की अंतिम तिथि 26 मार्च, मतदान, गिनती और प्रमाण पत्र बांटने की तिथि 27 मार्च को होगी।

## 25 मोतियाबिंद मरीजों की हुई सर्जरी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब की सात शाखाओं ने जरूरतमंद 25 मरीजों के मोतियाबिंद की सर्जरी कराकर कर समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया। सर्जरी में इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर ईस्ट, रांची प्रगति, रांची पलाश, गिरिडीह सनशाइन और गिरिडीह पर्ल्स ने सहयोग दिया। इनर व्हील क्लब की टीम मंगलवार को सर्वांगीण ग्राम विकास संस्था (एसजीवीएस) पहुंची, जहां उन्होंने मरीजों से मुलाकात की और संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों को देखा। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट आइएसओ नीता नारायण के साथ आइडब्ल्यूसी स्वर्णरेखा रांची की अध्यक्ष दीपा चौहान, आईडब्ल्यूसी हजारीबाग की अध्यक्ष ज्योति सिंह, आइडब्ल्यूसी जमशेदपुर ईस्ट की पूर्व अध्यक्ष माला श्रीवास्तव, आइएसओ शालिनी सिन्हा, सुप्रिता लाल, आभा सिंह और ममता कुमारी उपस्थित थीं। इनर व्हील क्लब की पदाधिकारियों ने कहा कि जरूरतमंदों को नयी रोशनी देने का यह कार्य बेहद संतोषजनक है और वे आगे भी इसी तरह समाज सेवा करती रहेंगी। इसको प्राथमिकता देंगे।

## एक अप्रैल को निकाली जायेगी सरहुल की शोभायात्रा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया एक अप्रैल मंगलवार को खूंटी में दोपहर दो बजे कचहरी मैदान से नेताजी चौक तक सरहुल की शोभायात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सरहुल पूजा सह सरहुल शोभायात्रा महासमिति का गठन किया गया है। इस संबंध में महासमिति के मथुरा कंडीर ने बताया कि सरहुल तीन दिनों तक मनाया जायेगा। चैत्र प्रतिपदा (प्रथम) को मछली-केंकड़ा अर्पण किया जायेगा। दूसरे दिन द्वितीया को नव पल्लव और सरहुल उपवास और तृतीया एक अप्रैल को सरहुल पूजा होगी और शोभायत्रा निकाली जायेगी। इसको लेकर महासमिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंलवार को अनुमंडल पदाधिकारी से मिला और सरहुल पूजा सह शोभायात्रा के लिए सड़कों की साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट और पेयजल की व्यवस्था तथा दंडाधिकारी नियुक्त कर पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में सुगुनदास मुंडा, मथुरा कंडीर, सुधा मुंडू, सनिका तिडू, सनिका मुंडा, सोमा मुंडा, कैलाश मुंडा, विश्राम टुटी, बिरसा कंडीर, सुनील ओड़ेया, सिनु मुंडा, बगरय मुंडा, मंगरा बारजो, दीपा डोढरय, नंदी डोढरय, टुटी ओड़ेया, रेश्मा मिंजूर, मनय नाग, लिपी मुण्डा, चांदमनी पूर्ति, विष्णु मुंडा और जितुआ मुंडा शामिल थे।

## आयोग के निर्देश पर खलारी पुलिस ने की विश्रामपुर में जमीन संबंधित मामले की जांच

**खलारी (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर पंचायत में आदिवासियों के जमीन संबंधित मामले पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के निर्देश पर कार्रवाई शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को आयोग के निर्देश पर रांची जिला प्रशासन को मिले निर्देश के आलोक में खलारी पुलिस ने विश्रामपुर में रैयतो से मिलकर जमीन संबंधित मामले को लेकर जानकारी लिया। खलारी पुलिस के द्वारा विश्रामपुर में रैयतो के साथ बातचीत किया और जमीन संबंधित भौतिक निरीक्षण किया। रैयतो से उनके जमीन की जानकारी ली और स्थल का भी निरीक्षण किया। रैयतो ने बताया कि विश्रामपुर में खतियानी रैयतो की जमीन को बाहरी लोगों के द्वारा गलत तरीके से कागजात बनाकर नौकरी लेने के प्रयास में लगे हुए हैं जबकि सभी जमीन पर स्थानीय रैयतो का ही दखल कब्जा है। पुलिस ने रैयतो से उनके खतियान और जमीन के कागजात भी जमा लिया। ज्ञात हो की विश्रामपुर के आदिवासी रैयतो ने बाहरी लोगों के द्वारा फर्जी तरीके से कागजात बनाकर जमीन की खरीद बिक्री के संबंध में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के पास लिखित शिकायत की है, जिस पर आयोग ने रांची जिला उपायुक्त और रांची एसएसपी को मामले पर की गई कार्रवाई का रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था जिसके आलोक में जांच की जा रही है। इस मौके पर विश्रामपुर के रैयत बालजीत गंझु, जीतन गंझू, सोनू गंझु, बालदेव गंझू, नीलेश गंझु सहित कई रैयत मौजूद थे।

# राजकीय उत्क्रमित विद्यालय में शिक्षक ने छात्र को पटका, परिजनों में आक्रोश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर से सटे उत्क्रमित विद्यालय तर्री में एक शिक्षक ने पांचवी कक्षा में पढ़ने वाला 12 वर्षीय छात्र आयुष सिंह पिता मनोहर सिंह को विद्यालय के एक शिक्षक ने पटक दिया। जिससे उसके सिर और हाथ में अंदरूनी चोट लगी। इसके बाद छात्र रोते रोते घर आया और अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी।

पिता ने कहा ऑटो चलाकर मैं अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहा हूं। बच्चों को शिक्षित करने के लिए हम लोग विद्यालय भेजते हैं शिक्षक उनके साथ मारपीट करते हैं यह गलत बात है।

वहीं छात्र आयुष ने बताया मंगलवार की अपराह्न 3 बजे विद्यालय छुट्टी होने के समय सभी बच्चे खेल रहे थे। इसी बीच खेल-खेल में ही शिक्षक ने मुझे पटक दिया। छात्र के पिता ने कई बार शिक्षक को फोन लगाया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। उनका पक्ष जानने के लिए कॉल लगाया गया लेकिन उत्तर नहीं मिला।

# जन शिकायत निवारण दिवस में डीसी ने समस्याओं के समाधान का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई की गयी। जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा, जिन पर आवश्यक निर्देश दिये गये।



जारी प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी प्रभार पर हैं, जिसकी वजह से उक्त प्रखंड में ग्रामीणों का काम नहीं हो पाता। इस हेतु जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी की नियुक्ति हेतु आवेदन दिया गया। इस विषय पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये।

घाघरा प्रखंड अंतर्गत बिमरला पंचायत के खुखराडीह गांव में राशन डीलर द्वारा मनमाने तरीके से राशन वितरण करने के संबंध शिकायत की गयी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि राशन डीलर कम राशन देता है। इस संबंध में पूर्व में जिला आपूर्ति पदाधिकारी को शिकायत की गई है। किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस विषय पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को कार्रवाई हेतु निर्देश दिया।

सिसई प्रखंड अंतर्गत भदौली पंचायत के सकरौली गांव में आंगनबाड़ी सहायिका का चयन किया गया था, किंतु दो माह उपरांत भी आंगनबाड़ी सहायिका के चयन के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गयी है। उपायुक्त ने इनके आवेदन पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिये।

डुमरी प्रखंड अंतर्गत कांसीर पंचायत के जमगाई गांव में सड़क नहीं है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण हेतु आवेदन दिया गया है। उपायुक्त ने इनके आवेदन पर संबंधित अधिकारी को जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिये।

इस दौरान कई नागरिकों ने जमीन संबंधी, वेतन भुगतान संबंधी, नाली निर्माण,आंगनवाड़ी सहायिका नियुक्ति ,भूमि बंदोबस्ती, जमीन मापी संबंध एवं वन पट्टा से संबंधित अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिए। उपायुक्त ने लगभग पचास से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाये।

# ज्वेलरी दुकानदार से बैग की लूट


आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** दिनदहाड़े लूट की घटना गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र के ग्राम भरनो में दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आयी है। 18 मार्च मंगलवार को रुपेश्वरी ज्वेलर्स के मालिक देवनारायण स्वर्णकार के साथ लूट की वारदात घटी। घटना सुबह 10 बजे की है, जब दुकान खोलने के दौरान दुकान की ज्वेलरी बैग, जो बाइक की डिक्की में रखी गयी थी, दो युवकों द्वारा लूट ली गयी। जब दुकानदार ने एक चोर को पकड़ने की कोशिश की, तो वह हाथ छुड़ाकर भाग निकला। पीछा करने के दौरान दूसरे चोर ने उसे बाइक पर बैठाकर फरार कर दिया। घटना की सूचना तुरंत थाना प्रभारी को दी गयी, जिन्होंने पीछा करते हुए गुमला तक चोरों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे फरार हो गयी। यह पहली बार नहीं है, जब इस तरह की घटना हुई हो। पिछले 2-3 वर्षों में इसी दुकान को तीन बार निशाना बनाया जा चुका है, लेकिन आज तक न तो कोई अपराधी पकड़ा गया और न ही लूटा गया सामान बरामद हुआ। यह स्पष्ट रूप से पुलिस प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। अपराधी बार-बार वारदात को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन प्रशासन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई करने में नाकाम रहा है। ऐसे हालात में व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। प्रशासन को इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अपराधियों को पकड़ने के लिए प्रोएक्टिव रणनीति अपनानी चाहिए, ताकि लोग सुरक्षित महसूस करें और बिना भय के अपना व्यापार कर सकें। यदि पुलिस इसी तरह निष्क्रिय बनी रही, तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे, जिससे कानून-व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा।

# मिशन बदलाव ने नशा कारोबारियों पर नकेल कसने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव के लिए नेतृत्व में गुमला डीसी को ज्ञापन दिया गया और बताया गया है कि गुमला में आये दिन नशा कारोबारी और गिरोह सक्रिय हो गया है जो स्कूल कॉलेज जाने वाले लड़को से लड़कियों को लेकर नशीली पदार्थों को मुहैया करा रहे है। नशीली पदार्थों का सेवन करने के बाद युवाओं के व्यवहार आक्रमक हो गया है जिससे परिजन बहुत चिंतित है।

मिशन बदलाव के जिला प्रशासन सचिव सय्यदा खातून ने कहा कि डीसी ने कहा इस मामले को गंभीरता से लिया है और तुरन्त पुलिस प्रसाशन को करवाई के लिये अग्रसारित किया है। मिशन बदलाव टीम के सैयदा खातून, ज्योति वर्मा और ज्योति ग्लयोरिया कुजूर ने बताया कि हम सभी को नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। यदि हमारे आस-पास कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा है, तो हमें उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे सही मार्ग पर लाने में मदद करनी चाहिए। हम सब मिलकर नशे के खिलाफ एकजुट हो सकते हैं और अपने समाज को इस नशे की समस्या से मुक्त कर सकते हैं। समाज में ज्यादातर अपराध नशे की वजह से अंजाम दिये जाते है। जब लोगों की नसों में खून की जगह नशा दौड़ता है तो परिवार और समाज पतन की तरफ चले जाते हैं। जो युवा अपनी काबिलियत और रचनात्मक कार्यों की बदौलत समाज को ऊंचाइयों पर ले जाते सकते हैं वही युवा नशे की वजह से समाज पर बोझ बन कर खोखला और कमजोर बना देते हैं।

# सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** थाना क्षेत्र के सकरौली गांव निवासी बुद्धदेव उरांव के छह वर्षीय पुत्र नवीन उरांव की सड़क हादसे में मृत्यु हो गयी। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय उरांव टोली सकरौली में कक्षा एक का छात्र नवीन उरांव मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे अपने स्कूल के समीप निजी विद्यालय प्रयाण पब्लिक स्कूल के प्रचार वाहन की चपेट में आ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रचार वाहन से फेंके गये पंपलेट चुनने के दौरान वाहन के नीचे आ कर कुचलने से घटना-स्थल पर ही नवीन उरांव की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना के उपरांत सकरौली गांव में मातम पसरा हुआ है। बच्चे की मां और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि स्कूल कक्षा एक से कक्षा पांच तक की पढ़ाई होती है, वर्तमान में विद्यालय में परीक्षा चल रहा है। बच्चे परीक्षा लिखकर अपने घर जा रहे थे। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में तीन बजे छुट्टी होती है तो बच्चे डेढ़ से दो बजे के बीच घर कैसे जा रहे थे। बच्चों का स्कुल बैग आदि स्कूल में ही रखा हुआ था, विद्यालय में चार शिक्षक शिक्षिका हैं, विद्यालय को चारों ओर ऊंची बाउंड्री और गेट लगा हुआ है। लोगों ने आरोप लगाया की शिक्षकों की घोर लापरवाही के कारण एक मासूम विद्यार्थी की जान चली गयी।

# विंध्याचल नगर के युवक ने लगायी फांसी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बिंध्याचल नगर निवासी बबलू राम का 22 वर्षीय पुत्र राहुल राम ने मंगलवार दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार दिन की है। वह अपने घर के बगल में बन रहे नए मकान में लगे बांस में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। जानकारी के अनुसार मृतक राहुल राम एफसीआई गोदाम में मोटिया मजदूरी का काम करता था। मंगलवार को उपवास रखता था इसलिए आज काम पर नहीं गया था। किस कारण से फांसी लगाई इस बात को लेकर कोई भी कुछ बताने में असमर्थ है।

# कुष्ठ रोग विशेषज्ञ 23 को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 23 मार्च दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे।

# मृतक के परिजन से मिले पीएलवी




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अखबार में मामला छापने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ध्रुव चंद्र मिश्र ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सचिव डालसा को घटना की जानकारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिस क्रम में डालसा सचिव के निर्देश पर पीएलवियों ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी लिया। गुमला थाना के ग्राम फट्टी मृतक मायतो देवी के घर पीएलवी राजेश सिंह एवं प्रेम कुमार शाह पहुंचे तथा उनके परिजनों से मिलकर उनके घर की स्थिति जाना। उन्होंने बताया कि मृतक मायतो देवी के पति घुड़ा उरांव ने बताया कि उसके तीन पुत्र एवं दो पुत्री हैं। बड़ा पुत्र खेतीबाड़ी करता है बड़ी पुत्री का विवाह हो गया है बाकी सभी बच्चे पढ़ाई लिखाई करते हैं सभी बच्चे बालिग हैं। परिवार का राशन कार्ड बना हुआ है जिसमें राशन मिलता है। डालसा सचिव ने बताया कि मृतक व्यक्ति के परिजनों को कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता उपलब्ध करा दिया गया है। तथा मुआवजा के लिए भी कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। पीड़ित परिवार को सभी तरह की सरकारी सहायता भी जिला प्रशासन की ओर से दी जायेगी जिनके वे हकदार हैं ।

# खनन विभाग की कार्रवाई, टैक्टर, हाइवा और जेसीबी जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला खनन कार्यालय के खान निरीक्षक नीरज कुमार ने बालू के अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाते हुए भरनो और पूसो थाना में बालू लदे ट्रैक्टर, हाइवा और जेसीबी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। खान निरीक्षक के अनुसार भरनो थाना में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर वाहन संख्या जेएच 01 डीवी 4855 के विरुद्ध भरनो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है जबकि पूसो थाना में हाइवा संख्या जेएच 01बीआर 6179 और एक जेसीबी पर प्राथमिक दर्ज कराया है। खान निरीक्षक ने बताया कि अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ भरनो के अंचल अधिकारी, भरनो और करंज के थाना प्रभारी की उपस्थिति में बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। जबकि पूसो थाना क्षेत्र के दक्षिण कोयल नदी स्थित लरंगों बालू घाट में 11 बजे रात में एक हाइवा में जेसीबी द्वारा बालू लोड करते हुए पूसो थाना प्रभारी ने जब्त किया। पुलिस को देखकर हाइवा और जेसीबी के चालक भाग गये। खान निरीक्षक के प्रतिवेदन पर दोनों थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# पंजाब नेशनल बैंक के समीप से बाइक की चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के जशपुर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप से एक बाइक की चोरी हो गयी। मामले को लेकर करम डीपा निवासी विकास लकड़ा मंगलवार की अपराह्न 4 बजे गुमला थाना पहुंचा और शिकायत दर्ज करायी है। विकास ने बताया मंगलवार के दोपहर 1 बजे पंजाब नेशनल बैंक किसी काम से गया था। वही बैंक के सामने ही अपनी बाइक हीरो पैशन प्रो खल्र 01 ऊअ 9035 बाहर खड़ा कर दिया। बैंक का काम समाप्त कर वापस लौटा तो बाइक को गायब पाया। अज्ञात चोरों द्वारा बाइक की चोरी कर ली गयी थी। थाना को आवेदन देते हुए विकास ने कार्रवाई की मांग की है।

# राज्य सरकार की मंईयां सम्मान योजना विफल है : शैल मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नगर परिषद के वार्ड संख्या 21 की निवर्तमान पार्षद सह भाजपा नेत्री शैल मिश्रा ने राज्य सरकार के मंईयां सम्मान योजना की विफलता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि सूबे में अठारह लाख से भी अधिक महिलाओं को इस योजना की तय राशि न देकर सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह एक अक्षम और किये गये वादों से मुकरने वाली अवसरवादी सरकार है। महिला सम्मान की बात करने वाली ये सरकार बहन, बेटियों के हक को कुचल रही है। इस योजना से संबंधित वेबसाइट को बंद कर सरकार अपनी जिम्मेवारी से नहीं बच सकती है। आज कमोबेश सभी जिलों में झारखंड की बहू, बेटियां राशि की आस में बैंकों और प्रखंड कार्यालयों का चक्कर लगा रही हैं और राज्य के मुख्यमंत्री और मंत्री बेफिक्र हैं। आखिर सरकार कब तक लोगों को ठगने का काम करती रहेगी। राज्य के वित्त मंत्री मईयां सम्मान योजना की राशि का बजटीय प्रावधान होने की बात करते हैं, तो उन्हें रोकी गयी राशि का भुगतान महिलाओं को कब किया जायेगा यह भी बताना चाहिए। दूसरी ओर राज्य में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन तथा दिव्यांगों को दी जाने वाली पेंशन योजना की भी लचर स्थिति है। समय पर इस श्रेणी के असहायों को पेंशन की राशि नहीं मिलने की नियति बन गयी है।

# मूलभूत समस्यायों को लेकर ग्रामीणों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष को सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के पांच गांवों के ग्रामीण कोबीटोली, चिरगांव, दीपाटोली, ऊपर खंटंगा और नीचे खंटंगा के सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला कांग्रेस कमिटी गुमला के अध्यक्ष चैतु उरांव से मुलाकात कर लिखित आवेदन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के बाद हमारे गांव में बिजली नहीं है 4 वर्षों पहले हमारे गांव में बिजली पावरहाउस बना कर सभी जगह पावर सप्लाई की जा रही है लेकिन उक्त गांवों में बिजली नहीं दिया गया है। सभी गांवों के लोग अंधकार में जीवन बिताने को विवश हैं। हम सभी ने प्रशासन एवं नेता गणों को आवेदन पहले भी दिया था इस पर कोई अभी तक कार्रवाई नहीं किया गया। ग्रामीणों का बात सुनते ही फोन के माध्यम से जिला अध्यक्ष ने संबंधित पदाधिकारी से बात किया और कहा कि आप लोगों की समस्या का समाधान हो जायेगा। बिलजी विभाग के स्कूटिव इंजीनियर से बात हो गयी है उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को नया कनेक्शन लेने को कहा। और बहुत जल्द ही कनेक्शन दिया जायेगा। सभी ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया। मौके पर रामनिवास प्रसाद,फिरोज आलम, तरुण गोप,पवन केवट, संजय गोप, ज्योति कुजूर, लालू कुल्लू, राम भगत, संजय लकड़ा, महेश कुजुर, निरासन टोप्पो,तैरस कुजूर, गजीत लकड़ा, इन्दन्नु मगत, जगमंगल उरांव मुमरा सिंह, लिफेराम भगत समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



**सलमान अली आगा ने 28 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 46 रन की अहम पारी खेली लेकिन सियर्स ने उन्हें पवेलियन भेजकर पाकिस्तान का स्कोर 9.2 ओवर में 5 विकेट पर 76 रन कर दिया।**

# न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया

एजेंसी



**डुनेडिन।** टिम सीफर्ट और फिन एलेन की धमाकेदार पारियों और कीवी तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार को डुनेडिन में खेले गए दूसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेन सियर्स (2/23) और जैकब डफी (2/20) ने पाकिस्तानी ओपनर्स मोहम्मद हारिस (11) और हसन नवाज (0) को जल्दी पवेलियन भेज दिया, जिससे पाकिस्तान का स्कोर 3.1 ओवर में 19/2 हो गया। इसके बाद कप्तान सलमान अली आगा और इरफान खान ने स्कोर को छह ओवरों में 36/2 तक पहुंचाया लेकिन जल्द ही इरफान (11) और खुशदिल शाह (2) को ईश सोढ़ी ने अपना शिकार बनाया और पाकिस्तान का स्कोर 7 ओवर में 4 विकेट पर 52 रन हो गया। सलमान अली आगा ने 28 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 46 रन की अहम पारी खेली लेकिन सियर्स ने उन्हें पवेलियन भेजकर पाकिस्तान का स्कोर 9.2 ओवर में 5 विकेट पर 76 रन कर दिया। 136 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने आक्रामक शुरूआत की। फिन एलेन ने मोहम्मद अली के दूसरे ओवर में तीन छक्के लगाए जबकि टिम सीफर्ट ने शाहीन शाह अफरीदी के अगले ओवर में चार छक्के जड़कर पाकिस्तान के गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। न्यूजीलैंड ने चार ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिये।

# पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद की मौत

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद जफर खान की मौत हो गयी। एडिलेड में हुई इस घटना में ऑस्ट्रेलियाई क्लब क्रिकेटर जुनैद की उम्र 40 साल थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी मौत तेज गर्मी की वजह से हुई।



शनिवार 15 मार्च को कॉनकॉर्डिया कॉलेज में प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस और ओल्ड कॉनकॉर्डियंस के बीच मैच खेला जा रहा था। जुनैद ओल्ड कॉनकॉर्डियंस की तरफ से खेल रहे थे। मुकाबले के समय तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस था।

रोजे पर रहे जुनैद ने गर्मी में करीब 40 ओवर फील्डिंग की। मैच के समय शाम 4 बजे के करीब उनकी तबीयत खराब हुई और वे बेहोश होकर मैदान पर गिर पड़े। जिसके बाद उन्हें तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। जुनैद ने ओल्ड कॉनकॉर्डियंस क्रिकेट क्लब के लिए करीब 7 ओवर बल्लेबाजी भी की थी। इस दौरान वे 16 रन बनाकर नाबाद रहे थे।

# नागरिक कल्याण कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** मंगलवार को सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी 'ए' समवाय बनारी के द्वारा विकास भारती स्कूल बिशुनपुर में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल 32 वाहिनी के उप कमांडेड राहुल त्यागी अपने लोगों को संबोधित करते हैं क्षेत्र के लोग प्रशिक्षण कर रोजगार से जुड़ सकते हैं। 25 दिवसीय इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन के अवसर पर 30 प्रशिक्षुओं को इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरण किया गया। और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना भी दिया गया। मौके पर विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, बिशुनपुर मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक, पंचायत समिति सदस्य सरस्वती देवी साहित्य कई लोग उपस्थित हुए।

# सिंदरी विधायक ने किया विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने बलियापुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांगेपारा में मंगलवार को विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि इस विद्यालय से प्रखंड क्षेत्र के हजारों बच्चों को शिक्षा मिलती है। जो भी संसाधन की कमी होगी हम सब मिलकर उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे, ताकि गांव के बच्चे एक अच्छे वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सके और जीवन में आगे बढ़ते रहें।

## सीआइएसएफ-पुलिस की संयुक्त छापामारी में भारी मात्रा में अवैध कोयला हुआ जब्त



**झरिया/चासनाला (आजाद सिपाही)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के बीसीसीएल के छह नंबर खदान में गुप्त सूचना के आधार पर सीआइएसएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान मौके से भारी मात्रा में अवैध तरीके से निकाल कर रखे गये कोयला को जब्त किया गया है। इसके पीछे एक जनप्रतिनिधि के करीबी माने जाने वाले सुभाष और पिंटू का नाम सामने आया है। इन पर कोयला चोरी और अवैध भंडारण में संलिप्त होने का आरोप है। दूसरी ओर, छापामारी की खबर फैलते ही अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। सूत्रों की मानें तो यह कोयला चोरी के संगठित नेटवर्क का हिस्सा था। पुलिस ने कहा कि सभी आरोपियों की पहचान कर उन्हें कानून के कटघरे में लाया जाएगा।

## विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआइ ने बीबीएमकेयू के कुलसचिव से की मुलाकात



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआई के प्रदेश सचिव राजीव पांडेय के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधिमंडल ने राजीव गांधी टीचर ट्रेनिंग बीएड महाविद्यालय के छात्र-छात्राओंकी समस्याओं को लेकर बीबीएमकेयू के कुलसचिव धनंजय सिंह से मुलाकात की। राजीव पांडेय ने कुलसचिव को बीएड सेम-1 के परीक्षा प्रपत्र में हो रही समस्याओ को अवगत करवाया। कहा कि राजीव गांधी बीएड महाविद्यालय से स्नातक करने वाल विद्यार्थियों को बोला गया है कि सभी माइग्रेशन निकलवा कर जमा करें। तभी उनका बीएड सेम-1 का परीक्षा प्रपत्र भरायेगा। जबकि 19 मार्च परीक्षा प्रपत्र भरने की अंतिम तीथि है। इस पर कुलसचिव ने संज्ञान लेते हुए परीक्षा नियंत्रक से बात कर समस्या का समाधान करने को कहा। परीक्षा नियंत्रक सुमन कुमार वर्णवाल ने संज्ञान लेते हुए कहा कि उन लोगों ने माइग्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है। उन सभी का शाम से अपना परीक्षा प्रपत्र भर सकते है। इस मौके पर एनएसयूआई छात्र प्रतिनिधि राज रंजन सिंह, जयप्रकाश सिंह, मुरारी दत्ता, अंकिता कुमारी, मोहित, राहुल, सानिया, सबा, देवांश, रवि, काजल आदि उपस्थित रहे।

# अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चला नगर निगम का अभियान

## कोर्ट रोड से डीआरएम चौक तक हटाया गया अतिक्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोर्ट रोड में बार-बार सड़क का अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा लगाए जाने से वहां अनावश्यक रूप से जाम की स्थिति बनी रहती थी। जिससे निपटने के लिए नगर निगम ने एक बार फिर से मंगलवार को कोर्ट रोड से डीआरएम चौक तक अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान ठेला-खोमचा वालों को सड़क किनारे से हटाया गया। लगे हाथ स्थायी रूप से शेड लगाकर दुकान और गुमटी संचालकों को जल्द से जल्द अवैध दुकाने हटाने का निर्देश दिया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे नगर निगम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि धनबाद शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे लग रही दुकानों से लगातार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे निजात दिलाने को लेकर निगम द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया जाता है। सड़क किनारे फुटपाथ दुकाने लगाने से अनावश्यक जाम की स्थिति बनती है। इसे देखते हुए नगर आयुक्त के आदेश पर रणधीर वर्मा चौक से लेकर डीआरएम चौक तक अभियान चला कर दुकानों को हटाने के साथ ही हिदायत भी दी गयी है। यह अभियान हीरापुर पार्क मार्केट सहित अन्य क्षेत्र में भी चलाया जायेगा।



स्थायी कब्जाधारियों को दुकानें हटाने की चेतावनी देते अधिकारी।

# बिजली की विकट समस्या से जूझ रही महिलाओं ने मुरलीडीह कोलियरी के कर्मियों को बंधक बनाया

## बिजली समस्या को जल्द ठीक करने के आश्वासन पर किया मुक्त, प्रदर्शन समाप्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बिजली की समस्या से मुरलीडीह 20/21 पिट्स, महुदा बस्ती और मुरलीडीह के लोग जूझ रहे हैं। मंगलवार को नाराज महिलाएं सड़क पर उतर कर आंदोलन करनमे लगीं। महिलाओं ने कोलियरी प्रांगण में प्रदर्शन करते हुए ट्रांसफार्मर को ठीक कर बिजली की समस्या को दूर करने की मांग की। इस दौरान महिलाओं ने कोलियरी के फोरमैन पीएन तिवारी, कर्मी कृष्णा रजक और उदय कुमार सिंह को बंधक बना लिया। बाद में बिजली की समस्या का समाधान करने का आश्वासन मिलने के बाद महिलाओ ने आंदोलन समाप्त किया। महिलाओं का नेतृत्व कर रही वार्ड सदस्य बेबी देवी ने बताया कि पिछले तीन महीने से मुरलीडीह कोलियरी में 11 हजार वोल्ट का ट्रांसफार्मर जला हुआ है। इसी ट्रांसफॉर्मर से क्वाटर एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की जाती है। चोरों द्वारा ट्रांसफॉर्मर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिसके बाद मरम्मत के लिए ट्रांसफॉर्मर को मुनीडीह भेजा गया, लेकिन अभी तक वापस नहीं लाया गया है। एक अन्य ट्रांसफार्मर से दिनभर में महज चार घंटे ही बिजली मिल रही है। गर्मी के दिनों में लोग कैसे घरों में रहेंगे। कई बार बीसीसीएल के पदाधिकारियों से गुहार लगा चुकी हूं, लेकिन परिणाम सामने नहीं आया है। अगर जल्द ही ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया तो उग्र आंदोलन करेंगे। इस मौके पर बसंती देवी, मेनका देवी, जुबेदा खातून, लीला देवी, अनिता देवी, रेशमा देवी, लक्ष्मी देवी, रेहाना परवीन, सहाना परवीन, बुधनी देवी, रश्मि देवी, सुदामी देवी, रजिया खातून और सुनैना देवी आदि शामिल थीं।



## प्रबंधन से सकारात्मक वार्ता के बाद एनसीओइए का चक्का जाम आंदोलन 20 अप्रैल तक स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** एनसीओइए (सीटू) का सीसीएल बीएंडके प्रबंधन के साथ मंगलवार को 21 सूत्री एजेंडा वार्ता हुई। सकारात्मक वार्ता के बाद एनसीओइए द्वारा 19 मार्च से होने वाले सड़क जाम आंदोलन को 20 अप्रैल तक स्थगित कर कर दिया गया है। बैठक में प्रबंधन की तरफ से सीसीएल बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार उपस्थित रहे। वहीं, यूनियन की तरफ से क्षेत्रीय केंद्रीय सचिव विजय भोई सहित कई पदाधिकारी थे। बैठक में पूर्व में 20 जनवरी को दिए गए एजेंडा पर क्रमवार वार्ता हुई। इसमें यूनियन की तरफ से मांग की गयी कि क्षेत्र में चल रहे सभी हायर्ड व्हीकल के चालकों और आउट सोर्स में लगे कर्मियों का हाई पावर कमेटी द्वारा निर्धारित वेतनमान दिया जाए। बोकारो कोलियरी विस्तार के क्रम में चार नंबर में शिफ्टिंग किये जा रहे असंगठित मजदूरों को किसी एक जगह दो कमरों का मकान सभी बुनियादी सुविधाओं के साथ दिया जाए। इसी तरह कई मांगें थीं, जिसे जीएम ने मजदूरों के हित में बताते हुए अति शीघ्र निष्पादन करने की बात कही। कहा कि अभी प्रोडक्शन का महीना चल रहा है। देश को कोयले की अति आवश्यकता है। इस कारण कोयल उत्पादन में अपना सहयोग दें। वहीं, विजय भोई ने कहा कि प्रबंधन के साथ वार्ता सकारात्मक रही। जीएम ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल की है।



# 'मंईयां सम्मान योजना' की राशि खाते में नहीं आने से महिलाओं में नाराजगी



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वकांक्षी 'मंईयां सम्मान योजना' का लाभ लेने के लिए प्रखंड कार्यालयों में महिलाओं की भीड़ लग रही है मंगलवार को एग्यारकुण्ड प्रखण्ड सह आंचल कार्यालय में महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। भीड़ इतनी अधिक थी कि अंचल कार्यालय गेट से लेकर सड़क तक महिलाओं की लंबी कतार लग गयी थी। पर अधिकांश महिलाएं काफी नाराज और परेशान दिखीं। महिलाओं ने बताया कि उन्हें शुरू में मंईयां सम्मान योजना का पैसा तो मिला, लेकिन दूसरे माह से खाता में पैसा नहीं आया। बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं भी थीं, जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन तो कर दिया है, पर हार्ड कॉपी जमा नहीं हुआ है। इसलिए हार्ड कॉपी जमा कर अपडेट कराने पहुंची थीं। वहीं कई ऐसी महिलाएं भी कार्यालय पहुंची थी, जिनके आवेदन में त्रुटि थी।

### 75 हजार महिलाओं की राशि होल्ड

धनबाद जिले में करीब 2.96 लाख महिलाओं के खाते में होली से पहले मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी गयी है। जबकि करीब 75 हजार महिलाओं के आवेदन में त्रुटि होने के कारण उनका पैसा होल्ड कर दिया गया है। इसका सत्यापन कार्य पूरा होने के बाद भुगतान करने की बात कही जा रही है। जानकारी के मुताबिक कई महिलाओं के फॉर्म में दिये गये बैंक अकाउंट नंबर एवं ऑनलाइन अकाउंट नंबर अलग-अलग मिले हैं। ऐसी त्रुटियों के कारण भी लाभुकों की राशि को होल्ड पर रखा गया है। कहीं-कहीं सभी फॉर्म सही है, इसके बाद भी आवेदिका के खाते में राशि नहीं जा रही है। यह निरसा, कलियाशेल, एगयारकुंड सहित चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के अलावा हर प्रखंड का मामला है। जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने बताया किमंईयां सम्मान योजना का राशी सभी महिलाओ को मिलेगी। जांच जारी हैं। देखा जा रहा कि जो इस योजना का लाभुक नहीं हैं वैसे लोग भी इसका लाभ उठा रहे हैं। जिस कारण जरूरतमंद महिलाएं इस योजना से वंचित हैं। जल्द ही सभी के खाते में राशी जायेगी। वहीं, एग्यारकुंड प्रखण्ड के उपप्रमुख बिनोद दास ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 2024 चुनावी वर्ष था। हेमंत सरकार सत्ता में आने के लिए योजना को लांच कर किया। दो-तीन महीना महिलाओं के खाते में राशी भी भेजी गई। पर जैसे ही चुनाव जीते वैसे ही इस योजना के लाभुकों की छटनी शुरू कर दी है। इससे साफ जाहिर होता हैं कि यह मुख्यमंत्री का चुनावी जुमला था।

## ओल्ड एज होम में मनी मंगलाकांत लाला की प्रथम पुण्यतिथि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सबलपुर सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम में मंगलवार को समाजसेवी मंगलाकांत लाला की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर दिवगंत के परिजनों एवं वृद्धजनों ने ओल्ड एज होम में संयुक्त रूप से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। ओल्ड एज होम के संचालक और लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने बताया कि स्व मंगलाकांत लाला के परिजनों का वृद्धजनों के प्रति सालों भर सेवा एवं दयाभाव का योगदान रहता है। अमरकांत लाला की पुण्यतिथि आश्रम में मनाने की इच्छा रखी। स्व मंगलानंद लाला के परिजन सूर्यालैंड कर्माटांड़ निवासी राजमोहन कुमार सिन्हा ने बताया कि दिवगंत की पुण्यतिथि मनाने एवं श्रद्धांजलि देने के लिए वृद्धजनों की सेवा स्थल से उपयुक्त स्थान दूसरा नहीं हो सकता। इस दौरान आश्रम में स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने में स्व मंगलाकान्त लाला की बहन रंजू अंबष्ठा सराहनीय भूमिका निभाई।

## एसडीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में मंगलवार को मान्यता प्राप्त नराजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्ष- सचिव और प्रतिनिधियों के साथ प्रभारी एसडीओ सह एलआरडीसी जीतराय मुर्मू ने बैठक की। जिसमें बताया गया कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता सूची का प्रकाशन बीते 28 अक्टूबर 2024 को हुआ था। जिसका मतदान केंद्रवार सत्यापन करना है, ताकि छुटे हुए योग्य नागरिकों का निबंधन किया जा सके और वे अपने मताधिकार से वंचित ना रहें। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गई कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के मद्देनजर मतदान केंद्रों का भवन-स्थल परिवर्तन की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव दें। जिसपर प्रतिनिधियों द्वारा दो मतदान केंद्रों यथा पंचायत भरखर सिंघवाटंड़ में अवस्थित मतदान केन्द्र को नव प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरित करने एवं पंचायत चेगड़ो के सेवाटंड़ में नये मतदान केन्द्र का निर्माण करने का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव पर एआरओ सह सीओ डुमरी शशिभूषण वर्मा को प्रभारी एसडीओ ने निर्देश दिया कि प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में दलों के साथ बैठक कर विहित प्रपत्र में प्रस्ताव को अग्रेतर कार्रवाई के लिए उपलब्ध कराये, ताकि गिरिडीह डीसी को भेजा जा सके।

## समाहरणालय सभागार में दरबार लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

# बेचने के बाद भी वृद्ध महिला को नहीं दे रहा जमीन, डीसी से शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सूनी। उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनने के बाद उसके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित भी किया। इस दनि जनता दरबार में मुनीडीह की एक वृद्ध महिला पहुंची थीं। उन्होंने डीसी को बताया कि उन्होंने टुंडी के बेहरा मौजा में चार डिसमिल जमीन खरीदी थी। जमीन की रजिस्ट्री कराकर अपने नाम से म्यूटेशन भी कराया। अंचल कार्यालय के अमीन ने जमीन की मापी कर सीमांकन भी कर दिया। इसके बाद जब वह जमीन पर दखल लेने गई तो विक्रेताओं ने उन्हें दखल करने और बाउंड्री वॉल बनाने से रोक दिया। यही नहीं, उनको डरा धमका कर वहां से भगा दिया। महिला ने डीसी से जमीन पर दखल दिलाने और विक्रेताओं के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई। इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर डीसी ने टुंडी सीओ को जांच करने का निर्देश दिया। वहीं, एक अन्य बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनके पति की कुछ वर्ष पहले मौत हो चुकी है। जिसका लाभ उठाकर कुछ लोगों ने उनकी जमीन के फर्जी कागजात बनाकर जमीन बेचने का प्रयास किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में आवेदन देकर फर्जी कागजातों को रद्द कराया, पर पंजी 2 से फर्जीवाड़ा करने वाले व्यक्ति का नाम नहीं हटा है। जिसके बदौलत वह व्यक्ति औने पौने दाम में जमीन बेचने का प्रयास कर रहा है। बुजुर्ग महिला ने पंजी 2 से फर्जीवाड़ा करने वाले व्यक्ति का नाम हटाने की गुहार लगाई। इस पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। वहीं तोपचांची की एक महिला ने डीसी को बताया कि उन्हें सरकार द्वारा अनुदानित भूमि मिली है। जिसकी मापी कराने के लिए तोपचांची अंचल कार्यालय में आवेदन देकर सारी प्रक्रिया पूरी की है। बावजूद इसके तोपचांची अंचल कार्यालय द्वारा भूमि की मापी नहीं की जा रही है। जबकि टुंडी के मनियाडीह से आए व्यक्ति ने बताया कि राजस्व कर्मचारी, राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल अधिकारी द्वारा अनुशंसा करने के बाद भी वहां के कुछ दबंग भूमि की मापी करने में बाधा उत्पन्न कर रहे है। दबंगों द्वारा बांस गाड़कर जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जनता दरबार में पाण्डरपाला की महिला ने छोटे पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा लड़ाई-झगड़ा, और मारपीट करने की शिकायत की। इसके अलावा जनता दरबार में विभिन्न तरह की अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। जिनका डीसी ने समाधान किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।



## राजद के प्रदेश महासचिव ने 29 मौजे की भूमि का सर्वे कराने को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राजद के प्रदेश महासचिव उदय शर्मा ने मंगलवार को धनबाद डीसी माधवी मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर जिले के 29 मौजे की भूमि का सर्वे कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि धनबाद सदर, बलियापुर, निरसा, बाघमारा, झरिया अंचल के मौजे की जमीन का सर्वे अभी तक नहीं हुआ है। धनबाद सदर अंचल के 12 मौजे जिसमें हीरापुर, बरमसिया, धनबाद, मटकुरिया, धैया, भूदा, मनईटांड, बरमसिया, केन्दुआड़ीह और करकेंद मौजे के एक भी रैयत का सर्वे नहीं हुआ है। इसके अलावा दुहाटांड़, मटकुरिया, धनसार और सरायढेला मौजा का आंशिक सर्वे हुआ है। बाघमारा अंचल के कतरास छाताबाद, तिलाटांड, भंडारीडीह एवं मलान मौजा का सर्वे भी बाकी है। बलियापुर अंचल के संबलपुर, ओझाड़ीह, छाताटांड रंगामटिया उसबेरिया, छताबाद मौजा की जमीन का सर्वे भी नहीं हुआ है। इसी तरह झरिया अंचल के झरिया एवं फतेहपुर, सिंदरी अंचल के ऊपर कांड्रा, रोडाबांध, मनोहरटाड़, गुगाडुहा, सिंदरी, चकचिटाही, शहरजोड़ी मौजे की भी जमीन के सर्वे का इंतजार है। निरसा अंचल के चिरकुंडा, लायकडीह, कुमारडूबी, सरसापहाड़ी, चपड़ा और कपा सारा मौजा की जमीन का सर्वे भी नहीं हुआ है। 40 वर्ष पूर्व वर्ष 1984 से 85 में जमीन का हाल सर्वे शुरू हुआ था। जिसमें तोपचांची, निरसा, गोविंदपुर, टुंडी आदि अंचलों की जमीन का सर्वे हो गया है। यहां के कुछ रैयतों को नए सर्वे का पर्चा (खतियान) भी मिला है। उन्होंने कहा कि जिले के शेष 29 मौजा के सर्वे नहीं होने के कारण कागजात की ऑनलाइन एंट्री नहीं हो रही है। पुराने खतियान के आधार पर ही जमीन का मालिकाना हक पुराने कागजात में चल रहा है। नए रैयत के नाम से खतियान नहीं बनने से जमीन की खरीद-बिक्री में भी परेशानी हो रही है। जमीन की ऑनलाइन एंट्री नहीं होने से रैयत जमीन का लगान रसीद भी जारी नहीं होती है। इसमें रैयतो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने धनबाद जिले के 29 मौजा की जमीन का सर्वे यथाशीघ्र कराने की मांग डीसी से की है।

## घर में लगे एसी में लगी आग, बाल-बाल बचे लोग

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बेकारबांध व्हाइट हाउस के समीप ऐसी में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार रितेश बहादुर सिंह के घर में ऐसी लगी है, जिसमें शॉर्ट सर्किट होमे से आग लग गई। अचानक घर की पहली मंजिल में धुआं निकलने देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। इसकी सूचना पाकर पार्षद अशोक पाल मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को फोन किया। जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया।

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND
(DISTRICT DEVELOPMENT SECTION)

Memo No-VI-DMFT-42/2024/147 Dated-17/03/2025

CORRIGENDUM NOTICE

In reference to RFP No. 2/2024-25 published vide Memo No -88 Dated 25.02.2025, PR No.- 347282 Dated 27.02.2025 and corrigendum notice published vide Memo No -139 Dated 12.03.2025, the corrigendum notice is hereby released with modified terms and conditions as per following details:-

| Section/ Page No. | Content of RFP | Change |
|---|---|---|
| Corrigendum noticepublished vide Memo No -139 Dated 12.03.2025 Page No- 01 Serial No.- 03 | Possessing a valid ISO 9001:2015/ISO 14001:2015/ ISO 27001:2013 Certificates | Possessing a valid ISO 9001:2015 or ISO 45001:2018 Certificates |

| S.No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Last date receiptof Technical and Financial proposal (Sealed Envelope) | 27-03-2025 Till 2:00PM |
| 2 | Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | 27-03-2025 Time-3:00 PM |

Rest of the terms and conditions of RFP will remain same.

DDC-Cum-Member Secretary
DMFT Chatra

PR 348692 Rural Development(24-25)D

# मेट्रो रेल परियोजना का विस्तार कटक तक किया जायेगा : कृष्णचंद्र महापात्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शहरी विकास मंत्री कृष्णचंद्र महापात्र ने यह जानकारी दी कि कटक तक चलेगी मेट्रो। शहरी विकास मंत्री ने मेट्रो के संचालन के बारे में जानकारी दी, जिसकी परिकल्पना पिछली सरकार ने त्रिशूलिया तक की थी। टेक्निकल सदस्य की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है और इस समिति ने सर्वेक्षण भी किया है। इसे जल्द ही लागू किया जायेगा। यह परियोजना कहां तक ??क्रियान्वित होगी, इसका मूल्यांकन समिति कर रही है। भुवनेश्वर मेट्रो परियोजना के लिए जल्द ही एक नयी डीपीआर तैयार की जायेगी। राज्य सरकार मेट्रो के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। जयदेव विहार से नंदनकानन तक की सड़क तीन स्तर की होगी। मंत्री ने कहा कि मेट्रो ऊपर और वाहन नीचे चलेंगे। मेट्रो को पहले हवाई अड्डे से त्रिशूलिया तक चलाने की योजना बनायी गयी थी, लेकिन त्रिशूलिया तक लोग क्या करेंगे? मंत्री ने कहा कि कटक तक जाने की जरूरत है। इसी तरह, अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि समिति अध्ययन कर रही है और इसका दायरा बढ़ाया जायेगा और परियोजना रद्द नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह लोगों की सरकार है। लोगों को जो जरूरत होगी वह किया जायेगा। पहले चरण में मेट्रो रेल भुवनेश्वर हवाई अड्डे से त्रिशूलिया चौक तक लगभग 26 किलोमीटर तक दौड़ेगी। इसमें 20 मेट्रो रेल स्टेशन होंगे। इस परियोजना के 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है।











































## मिट्टी की दीवार के नीचे दबकर नाबालिग की मौत, एक घायल

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। आनंदपुर उपखंड के बडरम्पास गांव में एक घटना घटी। स्कूल जाने के लिए तैयार होने के समय मिट्टी की दीवार ढह गयी। जिसमें दूसरी कक्षा के छात्र की मौत हो गयी, जबकि उसके भाई को गंभीर हालत में नजदीकी हस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, गांव के निराकार साहू की बेटी स्नेहलता पास के स्कूल में दूसरी कक्षा में पढ़ती है। स्नेहलता के पिता की मृत्यु के बाद और नाना के घर में रहती थी। मिटी घर के कारण भाई-बहन दीवार के नीचे फंस गये थे। परिवार के लोग तुरंत उसे अस्पताल ले गये। हालांकि, वहां के डॉक्टरों ने आठ साल की बेटी स्नेहलता साहू को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल बेटे का इलाज चल रहा है।

## के सुदर्शन चक्रवर्ती बने ओड़िशा राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) स्तर पर अदला-बदली किया गया है। शुभम सक्सेना को कृषि और खाद्य उत्पादन विभाग के निदेशक का दायित्व दिया गया है। वहीं डीटीइटी वाले समर्थ बर्मा को लघु खनिज विभाग के निदेशक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है। के सुदर्शन चक्रवर्ती को सार्वजनिक वितरण निगम का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

## बाइक साइड करने को लेकर गोलीबारी में एक घायल

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बालेश्वर बाइक साइड करने को लेकर गोलीबारी में घायल युवक को बालेश्वर जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बालेश्वर जिले के बस्ता थाना अंतर्गत चकुराई गांव में देखने को मिली। सोमवार को स्थानीय युवक सुधांशु शेखर जेना बाइक से लौट रहा था तो तीन युवकों ने उससे बाइक साइड करने को कहा और जोर जबददस्त बाइक को खींचने की कोशिश की तो सुधांशु के साथ बहस हो गयी। हालांकि, तीन युवकों में से एक ने अचानक पिस्तौल निकाली और सुधांशु को गोली मार दी। इस घटना को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

## वेदांता एल्युमीनियम ने महिला सप्ताह मनाया

# कंपनी ने पहली महिला-संचालित स्मेल्टर लाइन की भी घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने अपने महिला सप्ताह समारोह का सफलतापूर्वक समापन किया। इस सप्ताह में महिलाओं को सशक्त बनाने और अपने परिचालन में लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रभावशाली कार्यक्रम और पहल की गयी। ये प्रयास समूह के बड़े 'शक्ति से प्रगति' अभियान का हिस्सा थे। शक्ति से प्रगति वेदांता की महिलाओं को उनके जीवन, कार्यस्थल, घर, समुदाय और देश में परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता है। कंपनी की पहल लिंग-अज्ञेय नियुक्ति और 2030 तक 30% महिला कार्यबल रखने की अपनी प्रतिबद्धता से जुड़ी हुई थी। महिला सप्ताह के दौरान की गयी पहलों पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में, हम महिलाओं को व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों तरह से अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाने में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। विकास, कौशल विकास और नेतृत्व के लिए एक मंच प्रदान करके, हमारा लक्ष्य हमारे संगठन और समुदायों के भीतर अविश्वसनीय महिलाओं को प्रेरित करना है, यह सुनिश्चित करना है कि वे जीवन के हर पहलू में आगे बढ़ें। उन्होंने संघर्ष प्रबंधन और अचेतन पूर्वाग्रह पर एक सत्र आयोजित किया, जिसके बाद महिला कर्मचारियों की प्रेरक जीवन कहानियां सुनायी गयी। महिला सप्ताह के दौरान, वेदांता ने कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 100 से अधिक टेराकोटा कारीगरों का समर्थन किया। पद्मश्री शमशाद बेगम ने 65,000 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाने की अपनी यात्रा साझा की, जहां 80 से अधिक महिलाओं को उनकी उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता सत्र और इंटरैक्टिव गेम शामिल थे, जिसमें वित्तीय सशक्तीकरण और उद्यमशीलता पर जोर दिया गया।

# सम आंको सर्जनों ने फेफड़े के कैंसर के मरीज पर की दुर्लभ सर्जरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के आंको सर्जनों ने एक 45 वर्षीय महिला के कैंसर प्रभावित फेफड़े के एक हिस्से को निकालने के लिए एक दुर्लभ और जटिल सर्जरी की है। वह पल्मोनरी मेडिसिन विभाग में आयी और प्रो डॉ बनानी जेना और प्रो डॉ राखी लुदुम के उपचार में थी, जिन्होंने उसकी समस्या को फेफड़ों के कैंसर के रूप में निदान किया। बाद में उसे अस्पताल के आंको सर्जरी विभाग में रेफर कर दिया गया। सर्जरी के दौरान सर्जनों की टीम का नेतृत्व करने वाले डॉ अग्रवाल ने कहा कि इस तरह का कैंसर दुर्लभ है और 20 लाख में से एक व्यक्ति को होता है। परामर्श दिये जाने के बाद, रोगी ने पांच घंटे से अधिक समय तक सर्जरी की, जिसमें तमिलनाडु के थंगम कैंसर सेंटर में फेफड़ों के कैंसर पर विशेष ध्यान देने वाले सर्जिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ सरवण राजमणिकम ने अपना मार्गदर्शन दिया। डॉ अग्रवाल, जिन्होंने पिछले साल चीन के संघई में इस प्रकार की सर्जरी में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया था, ने कहा कि फेफड़े के प्रभावित हिस्से को पूरी तरह से हटा दिया गया था। उन्होंने एसओए के संस्थापक अध्यक्ष प्रो डॉ मनोजरंजन नायक और चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ पुष्पराज सामंतसिंहार को उनके निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, अस्पताल ने इस उद्देश्य के लिए आवश्यक उच्च श्रेणी के उपकरण खरीदे थे। सर्जरी में शामिल सर्जनों में क्रिटिकल केयर विभाग के प्रोफेसर डॉ संतोष सिंह, एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख डॉ शाश्वत पटनायक, डॉ सुदाम सारंगी, डॉ स्नेहाशीष प्रधान, डा अमित सामल, सभी एसोसिएट प्रोफेसर और आंको सर्जरी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ श्याम हरिहरन शामिल थे।

## युवा बीजद नेता राजा चक्र को रिमांड पर लेने के लिए क्राइम ब्रांच ने कोर्ट में दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राजा चक्र को पांच दिन की रिमांड पर लेने के लिए क्राइम ब्रांच इओडब्ल्यू ने कोर्ट में अर्जी दी। राजा गंधमार्दन लोडिंग एजेंसी दुर्नीति मामले में जेल में हैं। राजा चक्र के फरार तीन और साथियों को पकड़ने के लिए इओडब्ल्यू अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है। इओडब्ल्यू जांच कर रही है कि इस मामले में और कौन-कौन शामिल है। इओडब्ल्यू मामले में राजा की मदद करने वाले सरकारी अधिकारियों को जांच के दायरे में लाने के लिए सबूत इकट्ठा कर रहा है। इससे पहले इओडब्ल्यू ने समिति के पूर्व अध्यक्ष मानस रंजन बारिक और संपादक उत्कल दास को मामले में रिमांड पर लेकर पूछ-ताछ किया था।

## ओड़िशा में 19 मार्च से बारिश का पूर्वानुमान


**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में 19 मार्च को बारिश होने की संभावना है और इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। जहां पूरा ओड़िशा भीषण गर्मी की चपेट में है, वहीं काल बैसाखी के कारण 19 और 22 मार्च को बारिश होने की उम्मीद है। ओड़िशा तट पर कम दबाव प्रणाली के प्रभाव से जल वाष्प युक्त हवा राज्य के वायुमंडल में प्रवेश करने की उम्मीद है। संभावना है कि गर्म हवा के संपर्क में आने पर काल बैसाखी बनेगी। गरज-चमक के साथ बारिश होगी। हवा की गति भी तेज होगी। हवा 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।


# दो सतर्क रेल कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** बामदेव कर्ण, लोको पायलट (गुड्स)/टिटिलागढ़ और सुमंत मेहर, टीएम/सरगिपाली को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के संरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, तुषार कांत पांडे ने बिनायक बेहरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन), तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी और अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**